


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22
सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 60 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 13 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर...

### चाय दुकान चलाने वाली प्रेमिका की हत्या, दूसरे ग्राहकों से बात करने पर प्रेमी करता था शक

**धमतरी।** एक सनकी प्रेमी ने अवैध संबंध के शक में अपनी ही प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया। प्रेमी ने डंडे से पीट-पीटकर चाय दुकान चलाने वाली प्रेमिका को अधमरा कर दिया। ज्यादा खून बह जाने की वजह से प्रेमिका ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। दिलदहला देने वाली यह घटना धमतरी जिले के मगरलोड तहसील ऑफिस के सामने सोमवार शाम की है।

पुलिस ने बताया कि मृतक रेशमी साहू वार्ड क्रमांक 15 मथुरा नगर मगरलोड में रहती थी। वह चाय की दुकान लगाती थी। उसकी चाय की दुकान में खिसोरा के रहने वाले शत्रुघ्न साहू का आना-जाना था। इसी बीच दोनों के मध्य प्रेम संबंध हो गया। इस बीच शत्रुघ्न को अपनी प्रेमिका रेशमी के चरित्र पर संदेह था। वह प्रेमिका के अन्य मर्दों से संबंध है, बोलकर उससे आए दिन विवाद करता था। सोमवार शाम को भी इसी बात पर दोनों का विवाद हुआ, जिसके बाद प्रेमी ने रेशमी पर डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी प्रेमी शत्रुघ्न साहू को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।


### नगर पालिका उपाध्यक्ष ने युवक से की जमकर मारपीट

**बालोद।** जिले के दल्लीराजहरा में नगर पालिका उपाध्यक्ष की दादागिरी सामने आई है। दुकान के सामने से धरना का टेंट हटाने को लेकर पालिका उपाध्यक्ष युवक से भिड़ गए। तैश में आकर गाली-गलौज करते हुए जमकर मारपीट कर दी। पीड़ित युवक ने नगर पालिक उपाध्यक्ष संतोष देवांगन के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट करने का मामला थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने धारा 294, 506 व 323 के तहत पंजीबद्ध कराया है। युवक ने बताया कि 1 नवंबर को नगर के पुराना बाजार वार्ड-10 में उनके कल्याण परिवहन संघ कार्यालय के समक्ष नगर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। 12 दिसंबर को जब टेंट हटाने बात की तो पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन आक्रोशित हो गए। गाली-गलौज कर मारपीट की।

### तवांग में चीन की घुसपैट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने दिया संसद में जवाब

# चीनी अतिक्रमण को हमारी सेना ने रोका हमारा कोई जवान गंभीर घायल नहीं

नईदिल्ली (एजेंसी)। अरुणाचल के तवांग सेक्टर में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प को लेकर विपक्ष ने मंगलवार को दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। विपक्ष ने इस मुद्दे पर सरकार को बयान जारी कर, चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष की मांग पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बताया कि तवांग में 9 दिसंबर को चीनी सैनिकों ने एलएसी पर अतिक्रमण करने की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सेना ने चीन का बहादुरी से जवाब दिया। इस दौरान हाथापाई भी हुई और दोनों ओर कुछ सैनिकों को चोटें भी आई। रक्षा मंत्री ने बताया कि भारतीय सेना के किसी भी जवान की न तो झड़प में मौत हुई और न ही कोई गंभीर जख्मी हुआ।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में बताया, 9 दिसंबर 2022 को पीएलए सैनिकों ने अरुणाचल के तवांग सेक्टर के यांग्त्से में एलएसी पर अतिक्रमण कर यथास्थिति को एकतरफा बदलने का प्रयास किया। चीन के इस प्रयास का हमारी सेना ने दृढ़ता के साथ सामना किया। इस दौरान दोनों पक्ष आमने सामने आ गए। हाथापाई भी हुई। इस झड़प में दोनों ओर के कुछ सैनिकों को चोटें आईं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं सदन को बताना चाहता हूं कि झड़प में हमारे किसी भी सैनिक की मृत्यु नहीं हुई और न ही कोई सैनिक गंभीर रूप से घायल हुआ।

रक्षा मंत्री ने कहा, मैं इस सदन को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सेनाएं हमारी भौमिक अखंडता को सुरक्षित रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं, और इसके खिलाफ किसी भी प्रयास को रोकने के लिए सदैव तत्पर हैं। हमारी सेना से जिस साहस से चीनी सेना का सामना किया, मुझे विश्वास है कि यह सदन हमारी सेनाओं की वीरता और साहस को एक स्वर से समर्थन देगा।

#### भारत ने कूटनीतिक स्तर पर उठाया मुद्दा- राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना के कमांडर ने समय रहते हस्तक्षेप किया और चीन के सैनिक वापस अपनी लोकेशन पर चले गए। इस घटना के बाद क्षेत्र के स्थानीय कमांडर ने 11 दिसंबरको अपने चीनी समकक्ष के साथ फ्लैग मीटिंग की और घटना पर चर्चा की। चीनी पक्ष को इस तरह की कार्रवाई से मना किया गया और सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए कहा गया। इस मुद्दे को कूटनीतिक स्तर पर भी उठाया गया।

## पीएम मोदी की हत्या की बात करने वाला एमपी का पूर्व मंत्री गिरफ्तार

■ कांग्रेस ने भी की कार्रवाई की तैयारी



**भोपाल (एजेंसी)।** एक दिन पर भरी सभा में लोगों को कार्यकर्ताओं को उकसाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की बात करने वाला मध्यप्रदेश कांग्रेस का नेता व पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजा पटोरिया को मंगलवार सुबह 5.30 बजे उनके गृहनगर दमोह के हटा से गिरफ्तार किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस पूर्व मंत्री पटेरिया को जेएमएफसी कोर्ट पवई में पेश करेगी।

बता दें कांग्रेस नेता व मध्यप्रदेश के पूर्व मंत्री राजा पटोरिया ने रविवार को एक सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि मोदी चुनाव खत्म कर देगा, लोकतंत्र खतरे में है और यदि लोकतंत्र को बचाना है कि मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। उनके बयान का वीडियो वायरल होने के बाद वे बैकफुट पर दिखे और अपनी बात के लिए माफी मांगी और यह भी कहा था कि उनके कहने का यह मतलब नहीं था।

इस मामले ने तूल पकड़ा तो मध्यप्रदेश सरकार के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पटोरिया के खिलाफएफआईआर के निर्देश दिए थे। एफआईआर के बाद मंगलवार की सुबह पटोरिया को उनके घर से अरेस्ट कर लिया गया है। इधर इस मामले में कांग्रेस पार्टी भी पटोरिया के बयान से नाराज है। मध्यप्रदेश कांग्रेस पटोरिया पर कार्रवाई की तैयारी में है। बताया जा रहा है कांग्रेस पार्टी पटोरिया को नोटिस दे सकती है।

### स्कूली छात्राओं ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की हस्तनिर्मित तस्वीर



स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल, पिथौरा की छात्राएं अर्पिता एवं कृति साहू ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तस्वीर बनाई है। भेंट-मुलाकात के दौरान छात्राओं ने सीएम भूपेश बघेल को इन तस्वीरों को भेंट किया। सीएम बघेल बच्चों की कलाकृति काफी खुश हुए और उन्हें शाबासी दी।




### ओपन स्कूल की परीक्षा के लिए 31 दिसंबर तक कर सकते हैं आवेदन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2023 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात 1 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा के लिए आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं। हर साल दसवीं और बारहवीं की ओपन स्कूल से बोर्ड परीक्षा आयोजित कराई जाती है।

## भिलाई में छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आगाज विधायक वोरा व कलेक्टर ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने शुरू की गई छत्तीसगढिया ओलंपिक की अगली कड़ी संभाग स्तरीय छत्तीसगढिया ओलंपिक का आयोजन प्रदेश भर में किया जा रहा है। दुर्ग जिले में मंगलवार को संभागस्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का रंगारंग आगाज हुआ। भिलाई विद्यालय ग्राउंड में आज सुबह 9 बजे विधायक अरुण वोरा, कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा आदि की उपस्थिति में इस खेल कुंभ का शुभारंभ किया गया।




बता दें छत्तीसगढ़िया ओलंपिक राज्य सरकार की पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के क्षेत्र में एक महत्कांक्षी पहल की है। इसके तहत पूर्व में जिला व ब्लॉक स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन किया गया था। इसके आगे बढ़ाते हुए अब संभाग स्तरीय खेल कुंभ हो रहा है। बीएसपी सेक्टर -2 में 18 से 40 वर्ष के आयु वर्ग व बीएसपी सीनियर सेकेण्डरी सेक्टर -7 में 0 से 18 और 40 वर्ष से ऊपर के प्रतियोगियों के लिए खेल कुंभ शुरू हुआ। संभाग स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में प्रतिभागी गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी, बांटी (कंचा), बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़ और लम्बी कूद में अपने जौहर दिखा सकते हैं।

## मिलिए छत्तीसगढ़ की इस होनहार पापिया से, चार साल की उम्र और कमाल का नॉलेज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में टैलेंट की कमी नहीं है। हमारे स्कूलों से तो होनहार निकल ही रहे हैं लेकिन आंगनबाड़ी केन्द्रों से भी टैलेंट उभर कर सामने आ रहा है। ऐसा ही एक टैलेंट राजनांदगांव जिले के सिंघोला गांव स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में देखने को मिला। बच्चे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। छत्तीसगढ़ के ड्क्क्र व जनसंपर्क प्रमुख दीपांशु काबरा ने अपने ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर कर लिखा है। मिलिए छत्तीसगढ़ की होनहार नन्हीं पापिया से।

मासूम बच्ची राजनांदगांव जिले के सिंघोला गांव की रहने वाली है। इसके पिता का फत्तेलाल विश्वकर्मा व माता का जयश्री विश्वकर्मा है। बच्ची का नॉलेज कमाल का है।

#### आईपीएस दीपांशु काबरा ने शेयर किया वीडियो



आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली नन्ही पापिया को अपने गांव व जिले से लेकर छत्तीसगढ के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री का भी नाम याद है। यही नहीं व देश की राजधानी से राष्ट्रीय गीत व राष्ट्रगान भी बता रही हैं।

#### छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कका

आंगनबाड़ी में बच्ची से सवाल करते हुए उसका वीडियो बनाया गया जो कि सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। बच्ची से उसका नाम, पिता का नाम, माता का नाम, गांव व सरंपच का नाम पूछा गया जिसका उसने सही उत्तर दिया। बच्ची से जब पूछा गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कौन है तो उसने मासूमियत से कहा भूपेश बघेल कका। प्रधानमंत्री का नाम नरेन्द्र मोदी बताया। इसी प्रकार राष्ट्रीय पशु, राष्ट्रीय पक्षी का नाम भी बताया। यहां तक की राष्ट्रीय मिठाई का नाम जलेबी बताया। इस तरह से बच्ची ने हर सवाल का जवाब दिया।









## संपादकीय

# सुधार का समय

विश्व स्तर पर भारत की ओर से शांति व आतंकवाद के खिलाफनई सक्रियता जहां सुखद और स्वागतयोग्य है, वहीं काबुल में चीनी नागरिकों को निशाना बनाना दुखद और निंदनीय है। भारत ने हमेशा ही आतंकवाद का खुलकर विरोध किया है और संवाद से समाधान पर जोर देता आया है। जी-20 की अध्यक्षता से लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता तक, भारत के प्रयासों में आई तेजी सबका ध्यान खींच रही है। भारत ने सुरक्षा परिषद को आतंकवाद के खिलाफ फिर आगाह किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने महासचिव एंटोनियो गुटेरस को पत्र लिखकर संकल्प पत्र पेश करने के लिए कहा है। दरअसल, भारत चाहता है कि सुरक्षा परिषद में आतंक को अच्छे-बुरे में बांटने की परिपाटी छोड़कर आगे बढ़ा जाए। भारत ने उचित कहा है कि आतंकी कृत्यों को धार्मिक या वैचारिक रूप से बांटने से आतंकवाद से लड़ने की साझा वैश्विक प्रतिबद्धता कम होती है। वाकई, ऐसा ही होता आया है। भारत ने बार-बार कहा है कि आतंकवाद को एक ही नजर से देखना चाहिए। किसी भी देश को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से इसे बढ़ावा नहीं देना चाहिए। बहरहाल, अफगानिस्तान की राजधानी में सोमवार को चीनी कारोबारियों के बीच लोकप्रिय गेस्ट हाउस के पास जोरदार धमाका और गोलीबारी की आवाज सुनी गई। तालिबान पिछले साल अगस्त में सत्ता में वापस आने के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा में सुधार का दावा करता रहा है, पर वहां कई बम विस्फोट और हमले हुए हैं, जिनमें आईएस का भी हाथ बताया गया है। वहां पिछले दिनों से चीनियों की आवाजाही बढ़ी है। अफगानिस्तान के विकास के लिए वहां विभिन्न देशों के व्यापारियों का आना अच्छी बात है, पर हमलावरों ने अगर चीनियों को निशाना बनाया है, तो यह चीन सरकार के लिए गंभीरता से सोचने का समय है। चीन फिलहाल अफगानिस्तान के साथ 76 किलोमीटर की सीमा साझा करता है और उसने तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है, लेकिन अफगानिस्तान में उसकी सक्रियता बढ़ रही है। चीन वहां पूर्ण राजनयिक मौजूदगी बनाए रखने वाले चंद देशों में शामिल है। बीजिंग का यह भय पुराना है कि शिनजियांग के संवेदनशील सीमा क्षेत्र में अल्पसंख्यक उइगर अलगाववादियों के लिए अफगानिस्तान एक मंच बन सकता है। चीन आतंकियों और तालिबान के साथ शुरू से ही ठीक-ठाक तालमेल बिठाकर चलता रहा है। उग्रपंथी संगठन उसके ग्राहक रहे हैं। इसलिए हमने समय-समय पर देखा है कि संयुक्त राष्ट्र में भी चीन अंतरराष्ट्रीय आतंकवादियों को प्रतिबंध से बचाने की कोशिश में लगा रहता है। आतंकवादी किसी के साथ नहीं हैं, आतंकवाद को पालने-पोसने में किसी का भी स्थाई हित नहीं है, तो उसके प्रति जरा भी उदारता क्यों बरती जाए? चीन अपने देश के अंदर आतंकवाद का फन बुरी तरह कुचलता रहता है, लेकिन ठीक वैसा ही वह दुनिया के किसी भी कोने में नहीं करता। काबुल में विगत महीनों में रूसी और पाकिस्तानी दूतावास पर भी हमले हो चुके हैं। अब चीनियों का निशाने पर आना चीन के लिए सबक होना चाहिए। अमेरिका और रूस बार-बार भारत के प्रति समर्थन जता रहे हैं, लेकिन सुरक्षा परिषद के स्थाई सदस्यों में केवल चीन ऐसा है, जो भारत को आगे आता देखना नहीं चाहता। आतंकवाद के खिलाफ भारत को साथ लेने और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने में ही भलाई है। पता नहीं, चीन कब यह समझेगा?

> “ अफगानिस्तान के विकास के लिए वहां विभिन्न देशों के व्यापारियों का आना अच्छी बात है, पर हमलावरों ने अगर चीनियों को निशाना बनाया है, तो यह चीन सरकार के लिए गंभीरता से सोचने का समय है। चीन फिलहाल अफगानिस्तान के साथ 76 किलोमीटर की सीमा साझा करता है और उसने तालिबान शासन को मान्यता नहीं दी है, लेकिन अफगानिस्तान में उसकी सक्रियता बढ़ रही है। चीन वहां पूर्ण राजनयिक मौजूदगी बनाए रखने वाले चंद देशों में शामिल है। बीजिंग का यह भय पुराना है कि शिनजियांग के संवेदनशील सीमा क्षेत्र में अल्पसंख्यक उइगर अलगाववादियों के लिए अफगानिस्तान एक मंच बन सकता है।

## प्याले में तैरता वह फूल

यह है धार्मिकता। किसी के साथ न कोई प्रतियोगिता, न कोई संघर्ष और न कोई आक्रामकता। यह संसार एक सराय है, जहां रात भर रुकना है और सुबह हमें प्रस्थान कर जाना है।

बुनियादी रूप से धर्म एक कला है! कैसे जीया जाए, कैसे मरा जाए, कैसे जीते हुए आनंद मनाया जाए, कैसे आनंद से मृत्यु को गले लगाया जाए, और कैसे अपने पूरे जीवन को, जिसमें मृत्यु भी सम्मिलित है, एक उत्सव बनाया जाए। धर्म का बाइबिल, गीता अथवा कुरान से लेना-देना नहीं है। धर्म में तो करने को कुछ ऐसी चीज होती है, जो अस्तित्व में एक रासायनिक रूपांतरण कर देती है। इसलिए जब कभी तुम किसी प्रामाणिक धार्मिक व्यक्ति को पाओगे, तुम उसे हिंदू, मुसलमान, ईसाई या यहूदी जैसा नहीं पाओगे, तुम उसमें प्रामाणिक रूप से कुछ अज्ञात गुणों की सुवास पाओगे, जो उसे परिभाषित करती है।

गुरु नानक के जीवन में एक बार ऐसा हुआ कि वह जिस नगर में गए, वहां मुसलमान, जैन, बौद्ध और हिंदुओं के अनेक संत थे। जब इतने अधिक संत थे, तो वहां बहुत विवाद भी थे। और, एक नया सिद्ध वहां आ रहा था, इसलिए पुराने संतों ने आपस में मंत्रणा कर नानक को एक संदेश भिजवाया- 'यहां का कार्य-व्यापार पहिले ही से ठीक नहीं है, क्योंकि सुनने वाले लोग थोड़े से हैं और संत बहुत अधिक। आप कृपया कहीं ओर चले जाइए।' उन्होंने यह भी विचार किया कि नानक के पास संदेश इस तरह भेजा जाए, जिससे उन्हें बुरा भी न लगे। उन्होंने उनके पास तेल से लबालब भरा हुआ एक प्याला भेजा, जो बस छलकने के बिंदु पर था।

नानक अपने शिष्यों के साथ एक वृक्ष के नीचे बैठे थे। वे लोग तेल से भरा प्याला लेकर आए। नानक ने उनकी ओर देखा और उनका संदेश समझ गए। उन्होंने बगल में उगा एक छोटा सा जंगली फूल तोड़ा और प्याले में डाल दिया। वह तेल के ऊपर तैरने लगा। प्याले से तेल बाहर न छलका। नानक ने उन लोगों से कहा- 'वापस जाकर यह प्याला उन्हीं को दे दो, जिन्होंने तुम लोगों को यहां मेरे पास भेजा है'।

उनके शिष्य उलझन में पड़ गए। आखिर गुपचुप कैसा संवाद हुआ? नानक ने स्पष्ट किया- 'उनके कहने का अर्थ था कि यहां बहुत अधिक संत पहिले ही से हैं, और अब किसी अन्य संत के लिए यहां जरा भी जगह नहीं है। किंतु एक धार्मिक व्यक्ति को किसी स्थान या अंतराल की जरूरत होती ही नहीं- यही मेरा उत्तर था। उन लोगों को मुझसे डरने की जरूरत नहीं। मैं यहां ऐसे ही रहूंगा, जैसे भरे प्याले के ऊपर वह फूल तैर रहा है। एक दिन यहां रहूंगा और कल ही चला जाऊंगा।'

यह है धार्मिकता। किसी के साथ न कोई संघर्ष, न कोई प्रतियोगिता और न कोई आक्रामकता। प्रत्येक यह जानता है कि प्रत्येक यहां बस कुछ क्षणों के लिए आया है। यह संसार एक सराय है, जहां रात भर रुकना है और सुबह हमें प्रस्थान कर जाना है, ठीक फूलों की तरह।

**सद्गुरु जग्गी वासुदेव**

> “ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के एक सवाल से कई सवाल गुंथे हैं। वे कौन लोग हैं, जो जेलों में बंद हैं, जिन्हें न अपने मौलिक अधिकारों का पता है, न संविधान की प्रस्तावना का?

# राष्ट्रपति के दिल से निकला जो सवाल

विभुति नारायण राय



अभी ये कौन लोग हैं, जो जेलों मे हैं? एक बड़े और भव्य हॉल में यह प्रश्न गूंजा और सन्नाटा खिंच गया। प्रश्न पूछने वाला भारत का प्रथम नागरिक था और जिनकी तरफ सवाल उछाला गया था, वे न्यायपालिका के शीर्ष पर बैठे वे लोग थे, जिनके कंधों पर नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता की हिफाजत की जिम्मेदारी है। आमतौर पर ऐसे औपचारिक उद्बोधन, जो किसी धीर-गंभीर विमर्श के उद्घाटन के अवसर पर दिए जाते हैं, मुख्य वक्ता के सामने लिखित रख दिए जाते हैं और वह एक रोबोट की तरह पढ़ देता है। विडंबना यह है कि अमूमन यह लिखित भाषण उसी संस्था द्वारा तैयार किया जाता है, जिसका कार्यक्रम होता है, और इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि उसी की कारगुजारियों की प्रशस्तियों से भरा होता है। सुप्रीम कोर्ट के जिस कार्यक्रम का उद्घाटन करने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गई थीं, उसमें भी उनके सामने बोलने के लिए निश्चित रूप से आयोजकों, कानून मंत्रालय या उनके अपने सचिवालय द्वारा कागजों का एक पुलिंदा जरूर रखा गया होगा, पर उन्होंने उसकी उपेक्षा कर एक ऐसा सवाल पूछा, जो सीधे उनके दिल से निकला था और किसी के पास उसका उत्तर नहीं था।

राष्ट्रपति के एक सवाल से कई सवाल गुंथे हुए थे। उन्होंने यह तो पूछा ही कि वे कौन लोग हैं, जो भारतीय जेलों में बंद हैं, जिन्हें न तो अपने मौलिक अधिकारों का पता है, न संविधान की प्रस्तावना का और न ही मौलिक कर्तव्यों का। कहने का मतलब यह कि जेलों मे बंद हाशिये के ये लोग अन्य मानवीय उपलब्धियों के अलावा शिक्षा से भी वंचित हैं। इसके साथ उन्होंने विकास के हालिया मॉडल पर भी सवाल उठाया कि एक तरफ तो कहते हैं, हम विकास की ओर जा रहे हैं, और दूसरी तरफ कहते हैं कि हमारी जेलें भीड़ से बजबजा रही हैं, इसलिए हमें और ज्यादा जेलें चाहिए। इस एक प्रश्न में ही दूसरा प्रश्न निहित था कि यदि हम विकास के जरिये स्वस्थ, साक्षर और संतुष्ट समाज बनाने का दावा कर रहे हैं, तो फिर क्यों हमें अपनी जनसंख्या के बड़े हिस्से को जेलों में बंद रखने की जरूरत पड़ रही है?

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की चिंता किसी शून्य से नहीं उपजी थी। वर्षों पहले जब वह ओडिशा विधानसभा की सदस्य चुनी गईं, तब उन्हें गृह विभाग से संबंधित स्थाई समिति का अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया। इस हैसियत से उन्हें ओडिशा के अलग-अलग जिलों की जेलों में जाने का मौका मिला। वहां उन्होंने देखा कि आदिवासियों की एक बड़ी जमात जेलों में बंद है। ज्यादातर मुकदमों में सुनवाई भी वर्षों से लंबित है, कुछ की जमानतें हो गई हैं, पर कई के पास जमानतदार नहीं हैं। ऐसे बहुत से कारण हैं, जिनके चलते असंख्य आदिवासी जेलों में सड़ रहे हैं। राष्ट्रपति खुद आदिवासी समुदाय से आती हैं, वह जानती हैं कि अपने शैक्षणिक, आर्थिक और सांस्कृतिक परिवेश के चलते इन आदिवासियों से यह उम्मीद करना ज्यादती होगी कि वे भारतीय संविधान में निहित अपने मौलिक अधिकारों को जानते होंगे। वे तो अपनी नियति को दोष देते हुए जेलों में अपना समय काटते रहते हैं। आंकड़ों की बात करें, तो देश में अनुसूचित जनजातियों की जनसंख्या 8.6 प्रतिशत है और जेलों में बंद कैदियों में उनका प्रतिशत 10.7 है ।

आदिवासियों के संबंध में व्यक्त चिंता देश में हाशिये पर मौजूद सभी वर्गों पर लागू होती है। इनमें अनुसूचित जातियों और अल्पसंख्यक वर्गों के लोग भी शामिल हैं। देश के सबसे बड़े अल्पसंख्यक समुदाय मुसलमानों की स्थिति इससे बेहतर नहीं है। जातियों व धर्मों से भी परे। और, इन सबमें मौजूद एक तबका ऐसा है, जिसकी सबसे अधिक उपस्थिति जेलों में है, और वह है आर्थिक रूप से असहायों का। जेलों में सबसे अधिक बंद वे हैं, जो भ्रष्ट न्यायिक प्रणाली का पेट नहीं भर सकते। एक अध्ययन के अनुसार, भारत की जेलों में 76 प्रतिशत विचाराधीन कैदी हैं, जिनमें से अधिकांश इसी तबके से आते हैं। वर्षों तक उनके मुकदमों की कोई सुनवाई नहीं होती और वे खचाखच भरी जेलों में सड़ते रहते हैं। कई तो अधिकतम दंड की अवधि से अधिक समय सुनवाई की प्रतीक्षा में बिता देते हैं। ऐसे मामले भी कम नहीं हैं, जिनमें कोई अभागा गरीब इसलिए जेल से बाहर नहीं निकल पा रहा कि उसकी जमानत भरने के लिए कोई संपत्तिवान तैयार नहीं है।

न्यायिक अधिकारियों के सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के बहाने हमें भारतीय जेलों से जुड़े बुनियादी सुधार के मुद्दों पर भी विचार करना चाहिए। मुझे याद है कि वर्षों पूर्व हिंदी के एक लेखक सुधीर शर्मा ने अपने जीवन के दस वर्ष गोवा जेल में कैदी के रूप में बिताए थे। जेल से लिखा था कि यदि आपके पास पैसा और बाहुबल हो, तो वहां सब कुछ उपलब्ध हो सकता है, घर का खाना, शराब, दूसरे नशे, यौन सुख, सब कुछ। पैसा न हो, तो जेल आपके लिए किसी नरक से कम नहीं है। राष्ट्रपति के उद्बोधन के बहाने उन कारणों पर बात होनी चाहिए, जिनके चलते जेल सुधार के केंद्र न होकर अपराधों के अड्डे या नए अपराधी बनाने के कारखाने बन गए हैं। उत्तर प्रदेश के अपने अनुभव से मैं कह सकता हूं कि अपहरण, फिरौती या हत्या के बहुत से मामलों के तार जेलों से जुड़े होते हैं। किसी भोले, निश्छल या निर्मल हृदय किशोर को कुछ दिनों के लिए जेल भेज दें, तो ज्यादा संभावना है कि वह एक कठोर दिल दुर्दांत अपराधी बनकर बाहर निकले ।

इसी सम्मेलन में एक और बुनियादी प्रश्न पूछा गया और यह विकास के वर्तमान मॉडल से संबंधित था। यह भी एक गंभीर सवाल है कि यह कैसा विकास हो रहा है, जिसमें ज्यादा लोगों को जेलों में रखने के लिए नई जेलें तामीर करने की जरूरत पड़ रही है। इसका संबंध सिर्फ आदिवासियों से नहीं है। देश में जिस तरह की असमानता बढ़ी है, उससे निश्चित रूप से अपराध भी बढ़े होंगे। मगर इसका हल क्या अधिक जेलें हैं या राज्य को असमानता दूर करने के लिए ऐसे कदम नहीं उठाने चाहिए, जिनसे यह कम हो और गरीब गुरबा बिना अपराध की दुनिया में कदम रखे सम्मानजनक जीवन जी सके? हमारे देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जो एक सवाल पूछा था, उससे ये सारे सवाल निकलते ही हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# पी टी उषा के नेतृत्व में भारतीय ओलंपिक संघ से बढ़ी उम्मीदें

ज्वाला गुट्टा

पी टी उषा का भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) का अध्यक्ष बनना काफी समय से लंबित था। वह एक किंवदंती हैं, प्रतिमान हैं और मैं उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मैं रोमांचित हूं कि जिन्हें मैं अपना आदर्श मानती रही हूं, भारतीय ओलंपिक संघ की पहली महिला अध्यक्ष बनने जा रही हैं। वाकई, एक खिलाड़ी-अध्यक्ष चाहे, तो बहुत बदलाव ला सकता है, क्योंकि खिलाड़ियों से उसे खास सहानुभूति होगी। मैं ऐसा इसलिए कह रही हूं, क्योंकि मुझे अच्छा प्रशासन नसीब नहीं हुआ और किसी न किसी वजह से मुझे निशाना बनाया गया था। एक नियमित खिलाड़ी होने के बावजूद मुझे वैसा समर्थन नहीं मिल पाया, जिसकी मुझे हमेशा जरूरत रही।

जब एक खिलाड़ी का भारतीय ओलंपिक संघ में शीर्ष पर होना महत्वपूर्ण है, तब यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि खिलाड़ियों और प्रशासकों का मिला-जुला संगठन ही प्रभावी ढंग से काम कर सकता है। यह एक खिलाड़ी की विशेषज्ञता पर भी निर्भर है कि वह प्रशासक की राजनीतिक और विश्लेषणात्मक सोच के साथ मिलकर पूरे संघ का नेतृत्व करता है।



उषा एक महिला अध्यक्ष के रूप में बदलाव ला सकती हैं, बशर्ते उन्हें ऐसा करने का मौका दिया जाए। सच कहा जाए, तो ऐसे पद बड़ी जिम्मेदारी के साथ आते हैं और अक्सर इनमें जितना दिखता है, उससे कहीं अधिक होता है। यह मैं आज एक अकादमी चलाते हुए सीख रही हूं। यह सुनिश्चित करते हुए कि आपके किसी फैसले से कोई परेशान न हो, हर किसी को खुश करने की जरूरत को साधते हुए सावधान रहना होगा। यह एक कठिन डगर है। उषा के लिए यह आसान नहीं होने वाला है, लेकिन मुझे उम्मीद है कि वह ठोस बदलाव लाने में सक्षम होंगी।

मुझे उम्मीद है कि नया आईओए एथलीट आयोग के संबंध में दबावों के आगे नहीं झुकेगा, जैसा मैंने एथलीट निकायों को करते देखा है। मुझे याद है, मैं खिलाड़ियों के एक जीवंत संघ का हिस्सा बनना चाहती थी, पर मैंने सीखा कि संघ बहुत दमघोंटू भी हो सकता है। इसलिए मेरा मानना है, अगर उषा आईओए में ठोस बदलाव करती हैं, एथलीट आयोग को निर्णय लेने में अधिक आजादी देती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि खिलाड़ी संघ में सुरक्षित और आत्मविश्वास महसूस करें, तो यह देश में खेलों के लिए बड़ी जीत होगी।

इच्छुक और अनुभवी खिलाड़ियों से भरे संगठन में सबकी आवाज सुनी जानी चाहिए। खिलाड़ियों का समर्थन करने के लिए एक दृढ़ संगठन की जरूरत पड़ेगी। अगर हम सब साथ आएं, तो बदलाव ला सकते हैं। खिलाड़ियों को मुखर होना होगा। वैसे इतिहास मेरे लिए कठिन शिक्षक रहा है, यह मुझे थोड़ा शंकालु बना रहा है।

पी टी उषा को भारतीय ओलंपिक संघ में खिलाड़ियों के लिए अधिक आजादी की पैरोकारी करनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना होगा कि संघ सभी खिलाड़ियों के कल्याण को प्राथमिकता दे। यह कल्याण खेल से परे भी है और इसमें हर तरह की समस्याएं शामिल हैं, जो खिलाड़ी अक्सर झेलते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से लेकर उत्पीड़न तक और यहां तक कि यौन उत्पीड़न जैसी परेशानियों से भी खिलाड़ियों को गुजरना पड़ता है। खुद एक खिलाड़ी के रूप में मैं जानती हूं कि हमारी खेल व्यवस्था में उत्पीड़न और शोषण के कई मामले हैं। कई खिलाड़ी इस बारे में बात करने में भी असमर्थ हैं या डरे हुए हैं। खिलाड़ियों और संगठन के बीच सहज संवाद की सुविधा ऐसी होनी चाहिए कि खिलाड़ी अपना पूरा ध्यान अपने खेल में उत्कृष्टता प्राप्त करने पर लगा सकें।

जो खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं और जीतकर पदक व ट्रॉफियां घर लाना चाहते हैं, उन्हें सुरक्षित महसूस कराने की जरूरत है। खिलाड़ियों को यह बताना जरूरी है कि संगठन से संवाद के द्वार उनके लिए हमेशा खुले हैं। ऐसा माहौल चाहिए, जहां संघ अपने खिलाड़ियों की देखभाल करता हो, समस्या बड़ी हो या छोटी, संघ उनसे निपटने में मदद करता हो, जहां खिलाड़ियों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाता हो। किसी को मीडिया या अदालतों का सहारा न लेना पड़े। खेलों में शोषण का समय अब समाप्त होना चाहिए। जब उषा ने आईओए का कार्यभार संभाला है, मुझे उम्मीद है, ये आकांक्षाएं पूरी होंगी।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

# बहस और तारीखों के बीच न्याय मिलने में क्यों हो रही देरी?

करीब 800 वर्ष पूर्व 1215 में मैग्ना कार्टा के जरिये ब्रिटिश नागरिकों से यह जो वादा किया गया था कि 'अधिकार और न्याय हम किसी को नहीं बेचेंगे, न ही हम इसे खारिज करेंगे और न इसमें विलंब करेंगे', वह दुनिया भर के लिखित और अलिखित संविधानों वाले लोकतंत्र में न्याय देने का मानक बन चुका है। यही नहीं, 'देर से न्याय करना न्याय देने से मना करना है', जैसा नीति वचन भी वहीं से निकला है। लगता है कि सरकार और न्यायपालिका के बीच एक और मुकाबले के लिए मंच तैयार हो चुका है। पिछले सप्ताह केंद्रीय कानून मंत्री किरण रिजिजू ने ध्यान दिलाया कि 'अदालतों में लंबित मुकदमे पांच करोड़ का आंकड़ा छू रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

उत्तरोत्तर सरकारों ने यह तर्क दिया है कि न्याय देने का काम न्यायपालिका की प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण बाधित हुआ है। राजनीतिक पार्टियों का कहना है कि जजों द्वारा खुद को चुनने की व्यवस्था उचित नहीं है। इसका समाधान करने के लिए सरकार एनजेएसी नाम की एक संस्था ले आई, जिसे सर्वोच्च न्यायालय ने खारिज कर दिया था। विगत सात दिसंबर को संसद में उप-राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले संबोधन में जगदीप धनखड़ ने वर्ष 2015 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा एनजेएसी बिल को खारिज कर देने के फैसले की तीखी आलोचना करते हुए उसे 'संसदीय संप्रभुता को कमतर करने और जनादेश की उपेक्षा करने का स्पष्ट उदाहरण' बताया। यह सच है कि मुकदमों को निपटाने के मामले में न्यायिक निर्णयों की क्षमता में आई दरार परेशान करती है। न्यायिक नियुक्तियों का तंत्र बनाने के संदर्भ में सरकार और न्यायपालिका के बीच के टकराव ने इस समस्या को और घनीभूत किया है। इसी साल अक्तूबर में सर्वोच्च न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमना ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने उच्च न्यायपालिका के लिए 106 न्यायाधीशों की जो संस्तुति की थी, सरकार ने उनमें से सिर्फ आठ के नाम को हरी झंडी दी। जजों के रिक्त पदों के आंकड़े पर जरा नजर दौड़ाएं। एक दिसंबर, 2022 तक कुल 34 न्यायाधीशों की क्षमता वाले सर्वोच्च न्यायालय में जजों के सात पद खाली थे, तो उच्च न्यायालयों में जजों के कुल स्वीकृत 1,108 पदों में से 330 या एक तिहाई पद खाली थे। इनमें से इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जजों के कुल स्वीकृत 160 पदों में से 60, राजस्थान उच्च न्यायालय में कुल स्वीकृत 50 पदों में से 24, मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 53 स्वीकृत पदों में से 22 और पटना उच्च न्यायालय में कुल स्वीकृत 53 पदों में से 19 खाली थे। निचली अदालतों में यह आंकड़ा और भी बदतर है, जहां जजों की नियुक्ति का दायित्व राज्य सरकारों और उच्च न्यायालयों पर है। सरकार ने संसद को सूचित किया है कि अधीनस्थ अदालतों में जजों के कुल स्वीकृत 24,521 पदों में से 5,180 पद रिक्त हैं। इसमें भी ज्यादा जनसंख्या वाले राज्यों में यह अंतर चिंतनीय है। उत्तर प्रदेश में जजों के कुल स्वीकृत 3,634 पदों में से 1,106 यानी करीब एक तिहाई पद खाली हैं। इसी तरह बिहार में कुल 1,954 पदों में से 569, मध्य प्रदेश में 2,021 पदों में से 476 और हरियाणा में 772 पदों में से 295 पद खाली हैं। जब वर्चस्व की बहस जारी है, तब धरातल पर हो रहा यह विलंब भीषण है। अदालतों में 4.88 करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। इनमें से 69,598 मुकदमे तो सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं-इनमें भी 11,000 से अधिक मुकदमे पिछले 10 साल से लंबित हैं। ऐसे ही उच्च न्यायालयों में 59.54 लाख मुकदमे लंबित हैं-जिनमें से 11.14 लाख मुकदमे प्रारंभिक चरण में हैं, तो 12.81 लाख मुकदमे पिछले 10 साल से भी अधिक समय से निपटाए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। हर चार लंबित मुकदमों में से एक इलाहाबाद, मध्य प्रदेश और पटना उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। जिला और तालुका न्यायालयों में तो स्थिति और भी बदतर है, जहां 4.28 करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं-इनमें से 20 लाख मुकदमे पिछले पांच साल से भी अधिक समय से अटके पड़े हैं। यहां भी अधिक आबादी वाले राज्यों में स्थिति ज्यादा खराब है। उत्तर प्रदेश में लंबित मुकदमों की संख्या 1.09 करोड़ है, जिनमें से 90.93 लाख आपराधिक मुकदमे हैं। बिहार में लंबित मुकदमों की संख्या 34.39 लाख, पश्चिम बंगाल में 27.49 लाख, राजस्थान में 21.16 लाख, मध्य प्रदेश में 19.63 लाख, हरियाणा में 14.34 लाख और दिल्ली में 12.93 लाख लंबित मुकदमे हैं। स्थिति की भीषणता का कारण जजों की उपलब्धता नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था में आई खराबी है। अदालतों में फौजदारी के 3.19 करोड़ मामले लंबित हैं। न्यायमूर्ति गोगोई ने 2018 में टिप्पणी करते हुए कहा था कि इनमें से अनेक मुकदमों में अभी तक सम्मन जारी करने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। जाहिर है, मुकदमों का निपटान जांच की प्रक्रिया और पुलिस तंत्र की क्षमता पर भी निर्भर करता है। मुकदमों के अंबार की एक वजह सरकारी मुकदमे भी हैं। विगत अगस्त में सरकार ने लोकसभा में बताया कि सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालयों, जिला अदालतों और ट्रिब्यूनल्स में ऐसे 5.95 लाख मुकदमे लंबित हैं, जिनमें केंद्र सरकार के मंत्रालय और विभाग वादी और प्रतिवादी हैं। इस महीने यह आंकड़ा बढ़कर 6.17 लाख हो गया। मुकदमों की बढ़ती संख्या विधायिका और विनियामक व्यवस्था में बदलाव की जरूरत बताती है। व्यापार करने के लिए 1,536 कानूनों का पालन करना पड़ता है। पानी पर छह केंद्रीय मंत्रालयों का नियंत्रण है, तो स्वास्थ्य सेवा केंद्र तथा राज्यों में कई मंत्रालयों के अधीन है। अर्थव्यवस्था को इन लंबित मुकदमों की कीमत चुकानी पड़ती है। वर्ष 2017-18 के आर्थिक सर्वेक्षण में सुझाया गया था कि निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों में जजों के खाली पद भरने से लंबित मुकदमों का बोझ घट सकता है। लंबित मुकदमों में वृद्धि सहिष्णुता, स्थिरता और टिकाऊपन पर असर डालती है। संविधान की प्रस्तावना में नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता और समानता की गारंटी दी गई है। इन तीनों का क्रम ही अपने आप में महत्वपूर्ण है। दरअसल न्याय का वादा ही स्वतंत्रता और समानता की गारंटी को संभव बनाता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair



DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी




JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)





# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




# शंखनाद पदयात्राः कैंप क्षेत्र में पंहुचे भाजपा जिलाध्यक्ष शहर सरकार की विफलताओं को गिनाया





श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी भिलाई के जिला अध्यक्ष ब्रजेश बिचपुरिया के नेतृत्व में शंखनाद यात्रा चौथे दिन भी जारी रही कार्यक्रम की शुरुआत शिव शक्ति मंदिर में भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर प्रारम्भ हुई। भाजपा ज़िला अध्यक्ष ब्रजेश बीचपुरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर सरकार की विफ्लताओं का आलम यह है कि डायरिया से लोगों की मौत हो रही है। जनता को पीने का साफ़पानी भी नही मिल पा रहा है।

आज के इस यात्रा में पूर्व प्रदेश महामंत्री युवा मोर्चा प्रभुनाथ मिश्रा ने शिरकत की और आम नागरिकों से मिलने जन-जन के द्वार तक पहुंचे यह यात्रा तीन दर्शन मंदिर केम्प 1 से प्रारंभ होकर वार्ड 27 से वार्ड 35 से , मदर टेरेसा नगर, बैकुंठधाम मंदिर, आशादीप कालोनी, संतोषी पारा, गांधी चौक, मिलन चौक से होकर के अंदरूनी हिस्सों में भ्रमण की और आम नागरिकों की समस्याओं से रूबरू हुए झोपड़ी क्षेत्र में भारी गन्दगी देखने को मिली लोगों ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि आज भी उन्हें पीने का पानी तक साफ नहीं मिल पा रहा है लोग गन्दगी में जीने के लिए मजबूर हैं भाजपा जिलाध्यक्ष ने लोगों को बताया कि वह आम नागरिकों की समस्याओं से रूबरू होने के लिए ही आए हैं एवं उसकी निराकरण के लिए आम आदमी के सहयोग से भारतीय जनता पार्टी निगम प्रशासन के खिलाफ एक जंगी प्रदर्शन करेगी आम नागरिकों ने भी जिलाध्यक्ष को भरोसा दिया कि वह भी भारतीय जनता पार्टी के साथ इस लड़ाई में शामिल होंगे।

भाजपा के सहयोग से अपनी समस्याओं का निराकरण करवाएंगे। इस यात्रा के दौरान त्रिलोचन सिंह, मंडल अध्यक्ष अनिल सोनी, वार्ड-27 की पार्षद लक्ष्मी साहू, विनोद चेलक पार्षद, लतेल यादव, मोहन तिवारी, जय प्रकाश यादव, मदन सेन, विनोद सिंह, अमित मिश्रा, बैद्यनाथ झा, राजकुमार जयसवाल, अवतार सिंह, रवि मिश्रा, मयंक, संजय दानी, रश्मि सिंह, मिथिला खिचारिया, उपासना साहू, नासिर, राजकिशोर, गोलू सेन, चंदू, ओबेद, निखिल वार्ड स्तर के कार्यकर्ता युवा मोर्चा और महिला मोर्चा सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

# भानुप्रतापपुर के नवनिर्वाचित विधायक सावित्री मंडावी ने सीएम बघेल से की मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज शाम यहां राजधानी स्थित उनके निवास कार्यालय में विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर के उप निर्वाचन में नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती सावित्री मंडावी ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर क्षेत्रवासी भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विधायक श्रीमती मंडावी की जीत पर उनका आभार जताया। मुख्यमंत्री बघेल ने श्रीमती मंडावी को विधायक पद पर उनके नवीन दायित्व के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नव निर्वाचित विधायक श्रीमती मंडावी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र भानुप्रतापपुर के विकास को और गति मिलेगी। साथ ही क्षेत्रवासियों को भी उनकी कर्त्तव्य निष्ठा तथा कार्यकुशलता का भरपूर लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर क्षेत्रवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश में सभी वर्गों के साथ-साथ आदिवासी समुदाय के विकास और कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। साथ ही उन्हें हर तरह से अधिकार सम्पन्न बनाने के लिए पहल की जा रही है। उन्होंने अवगत कराया कि हमने आरक्षण के मुद्दे पर आदिवासी समाज को स्पष्ट रूप से भरोसा दिलाया था कि राज्य में इस मामले में आदिवासी निश्चित रहे, उन्हें 32 प्रतिशत आरक्षण का लाभ जरूर दिलाया जाएगा। इसके लिए हमारी सरकार द्वारा हरसंभव पहल की गई और विधानसभा का विशेष सत्र आहूत कर इसे पारित कराया गया।

इस अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, विधायक श्री कंवर सिंह निषाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार राजेश तिवारी, राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल तथा सुश्री सुभद्रा सलाम, ठाकुर राम कश्यप, विजय ठाकुर, हेमंत ध्रुव सहित भानुप्रतापपुर विधानसभा के क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## खास खबर

### मुख्यमंत्री ने किया देसी टॉक कवि सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ और लल्लूराम डॉट कॉम की ओर से आयोजित देसी टॉक कवि सम्मेलन के पोस्टर का आज शाम अपने निवास कार्यालय में विमोचन किया। मुख्यमंत्री बघेल बतौर मुख्य अतिथि इस सम्मेलन में शामिल होंगे। इस मौके पर चैनल के चेयरमैन नमित जैन, संपादकीय निदेशक मनोज सिंह बघेल, प्रमुख संवाददाता डॉ. वैभव शिव पाण्डेय मौजूद रहे। गौरतलब है कि हर साल की तरह इस साल भी 16 दिसंबर को पुलिस मैदान रायपुर में अखिल भारतीय देसी टॉक कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कवि सम्मेलन में मुख्य कवि कुमार विश्वास के साथ छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय गीतकार रामेश्वर वैष्णव, सुश्री कविता तिवारी, जॉनी बैरागी, सुदीप भोला, दिनेश बावरा जैसे प्रसिद्ध कवि शामिल होंगे।

### एक कॉल पर घर बैठे बन रहा पांच साल तक के बच्चों का आधार कार्ड

**धमतरी।** धमतरी शहर के जालमपुर वार्ड के निर्मल बांधे और श्रीमती मधु बांधे अचंभित और प्रसन्न हैं, कि घर बैठे उनकी तीन माह की बच्ची निहारिका का आधार कार्ड बनाने की प्रक्रिया मितान ने आकर पूरी कर दी। बांधे दम्पत्ति खुश होते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हैं और कहते हैं कि मुख्यमंत्री मितान योजना वाकई में आम लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं, क्योंकि इसके जरिए जरूरी सेवाएं नागरिकों को घर बैठे मिल रही है। बच्ची निहारिका का आधार बनाने की प्रक्रिया के बारे में उसकी माता श्रीमती मधु बांधे बताती हैं कि महज टोल फ्री नंबर 14545 पर कॉल करने पर मितान उनके घर पहुंच गए। मितान ने उनकी बच्ची का आधार बनाने जरूरी दस्तावेज संकलित किया और आधार पंजीकरण किया। बताया गया कि पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद नियत समय में बच्ची का आधार दिए गए पते पर आ जाएगा। आधार बनाने की प्रक्रिया इतनी सुविधाजनक हो गई कि बांधे दंपत्ति सहसा यकीन नहीं कर पाए।

# संवरने लगा घुमंतू और कचरा बीनने वाले बच्चों का भविष्य

## मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में 'बाल जतन अभियान' का परिणाम

### दस और घुमंतू बच्चों का स्कूलों में दाखिला 15 दिसंबर को

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उत्तर-पश्चिम में स्थित सीमावर्ती नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में घुमंतू और कचरा बीनने वाले बच्चों की बे-रंग जिन्दगी में रंग भरने और उनके अंधकारमय भविष्य को रोशन करने का प्रयास अब धीरे-धीरे परवान चढ़ने लगा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित 'बाल जतन अभियान' के अंतर्गत तीन बच्चों का स्कूलों में दाखिला कराकर उनके शिक्षा-दीक्षा का प्रबंध सुनिश्चित किया गया है। कलेक्टर पी.एस. ध्रुव ने बताया कि बीते 20 दिनों से जिले में इस अभियान के तहत घुमंतू और कचरा बीनने वाले बच्चों के सर्वेक्षण में 10 और बच्चे मिले है, जिनका दाखिला 15 दिसंबर को उनके रहवास के समीप के स्कूलों में कराया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इन बच्चों के लिए पुस्तक-कॉपी, बस्ता, यूनिफार्म एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों का प्रबंध जिला प्रशासन ने किया है।

गौरतलब है कि कलेक्टर पी.एस.ध्रुव के मार्गदर्शन में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में घुमंतू और कचरा बीनने वाले बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए 'बाल जतन अभियान' बीते 19 नवंबर से शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत दस वर्षीय प्रिंस पनिका एवं कुमारी तनीषा का कक्षा चौथी में तथा 11 वर्षीय बालक कान्हा कुमार कौशिक का दाखिला कक्षा पांचवी में शासकीय प्राथमिक शाला बड़ाबाजार में कराया गया है, यह तीनों वार्ड क्रमांक 19 टिकरापारा चिरमिरी के रहने वाले है। कलेक्टर श्री पी.एस. ध्रुव ने बाल जतन अभियान के तहत प्रवेशित तीनों बच्चों की पढ़ाई-लिखाई का हाल जानने आज आकस्मिक रूप से चिरमिरी स्थित प्राथमिक शाला बड़ाबाजार पहुंचे। उन्होंने बच्चों से बातचीत की और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने की समझाईश दी। कलेक्टर ने प्रिंस पनिका से अंग्रेजी में उसका नाम पूछा, जिसका बिना झिझक उसने उत्तर दिया-'माय नेम इज प्रिंस पनिका'। कलेक्टर ने इस पर प्रसन्नता जतायी और उसे शाबाशी देते हुए उपहार स्वरूप प्रिंस पनिका को पेन प्रदान किया।

कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान के तहत अब तक कुल 13 घुमंतू और कचरा बीनने वाले बच्चे सर्वेक्षित हुए है, जिनमें से तीन का दाखिला करा दिया गया है। अभी 15 दिसंबर को कुमारी मुस्कान, कुमारी आर्या, शिवा, प्रिंस, कुमारी नीतू, कुमारी आरती, कुमारी मनीषा आदि का एडमिशन कराया जाएगा। इन बच्चों को पालकों से संपर्क कर उन्हें बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए स्कूल भेजने की समझाईश भी दी गई है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में प्रवेशित बच्चों की मॉनिटरिंग की जा रही है। सप्ताह में एक दिन अधिकारी इन बच्चों के अध्ययन की जानकारी लेकर मूल्यांकन चार्ट भी तैयार कर रहे हैं।

# दस सिंचाई योजनाओं के लिए 38.55 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के दस विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 38 करोड़ 55 लाख 58 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के पूरा होने से एक हजार 219 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बिलासपुर जिले के विकासखण्ड-कोटा की लारीपारा व्यपवर्तन योजना के नहर लाईनिंग कार्य के लिए सात करोड़ चार लाख 73 हजार स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 600 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड कोटा अंतर्गत एनीकट निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 94 लाख 71 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 55 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बिलासपुर जिले के केकराखोली सूक्ष्म सिंचाई योजना के कार्य के लिए तीन करोड़ 74 लाख सात हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के पूरा होने से 100 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड कोटा अंतर्गत नवापारा केकराडीह एनीकट निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 50 लाख 84 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। दुर्ग जिले के विकासखण्ड-धमधा के खर्रा में स्टापडेम कम रपटा निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 76 लाख 90 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 30 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड पाटन की ग्राम कुर्मीगुण्डरा के पास स्टापडेम निर्माण कार्य के लिए एक करोड़ 71 लाख 72 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 20 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड पाटन की उमरपोटी जलाशय योजना के शीर्ष कार्य का जीर्णोद्धार एवं नहर प्रणाली का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग कार्य के लिए एक करोड़ 97 लाख 35 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 93 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।




# भाजपा के पास सिर्फ गाय, भूपेश के पास गोबर भी

श्रीकंचनपथ




माना कि राजनीति में बतौलेबाजी का बड़ा महत्व है. बातों से ही माहौल बनता बिगड़ता है. लोग बातों में उलझे रह जाते हैं और नेता चुपके से उनकी जेब काट लेते हैं. बहुसंख्य हिन्दू आबादी को हिन्दू राष्ट्र का सपना दिखाया गया. वैमनस्य के बीज बोए गए. चुनावी ऊंट ने करवट भी बदला पर देश वैसा ही रहा, जैसा कि वह पहले था. 1843-44 में प्रसिद्ध दार्शनिक कार्ल मार्क्स ने धर्म को जनता का अफीम बताया था. राममंदिर के बहाने यही अफीम हिन्दू मतों का ध्रुवीकरण करता रहा. नई सरकार की नीतियों की तारीफें तो खूब हुईं पर उनका जमीनी प्रभाव देखना अभी बाकी है. अब आते हैं इनके छुटभैये नेताओं पर भाजपा के एक कद्दावर नेता ने कहा है कि 'छत्तीसगढ़ी के भाग्य में सिर्फ गोबर चुनना ही लिखा है.' दरअसल, छत्तीसगढ़ में भाजपा डायबिटीज का शिकार है. डायबिटीज का एक दुष्प्रभाव यह भी है कि आंखों की रौशनी चली जाती है. भाजपा की डायबिटीक आंखें आत्मानंद स्कूलों के विस्तार को नहीं देख पा रही. कृषि विश्वविद्यालय और कृषि विज्ञान केन्द्रों की बढ़ती संख्या और कृषि वैज्ञानिकों के दोगुने उत्साह वे नहीं भांप पा रहे. वे देख पाते तो उन्हें दिखाई देता कि छत्तीसगढ़ में सनातन की पुनर्स्थापना हो रही है. इसलिए भाजपा नेता अजय चंद्राकर कहते हैं कि भूपेश सरकार छत्तीसगढ़ियों की शिक्षा के खिलाफहै. वह उन्हें गोबर में उलझा रही है. यह उस पार्टी का नेता कह रहा है कि जिसका राष्ट्रीय नेतृत्व नौकरी की बजाय उद्यमिता पर जोर दे रहा है. जो सेना में भी एप्रेंटिस भर्ती कर रहा है. अजय चंद्राकर उस गाय का मजाक बना रहे हैं जिसपर उनकी पूरी नहीं तो आधी राजनीति तो टिकी ही हुई है. सनातन धर्म कहें या हिन्दुत्व, मेरे लिये दोनों का मतलब एक ही है, गाय के साथ ही पंचगव्य को भी महत्व दिया गया है. पंचगव्य में दूध, दही, घी, गोबर और गोमूत्र का समावेश होता है. बिना गोबर के शुद्धिकरण संभव नहीं. काश! गोबर में नजर और विचारों को भी शुद्ध करने की क्षमता होती. बहरहाल, बात हो रही थी बतौलेबाजी की. अच्छे और चुटीले वक्ताओं की पूछपरख हर जगह होती है. झुण्ड चाहे गांव के तालाब के किनारे बेकार बैठे युवकों का हो या ठाकुर की बैठक में चाटुकारों का, एक बोलता है और बाकी सब चटखारा लेते हैं. हास्य पैदा करने की चुल में लोग एक दूसरे की बेइज्जती तक करने लगते हैं. फिर धीरे-धीरे यही स्वभाव बन जाता है. कभी केजरीवाल की खांसी का मजाक बना देते हैं तो कभी राहुल की मासूमियत को मुद्दा बना लेते हैं. घर में सही संस्कार मिलते तो कोई भी ऐसा करने का दुस्साहस नहीं करता. हमारे यहां यह मान्यता है कि जो लोग दूसरों की शारीरिक दुर्बलता का मजाक उड़ाते हैं उनका अपना बुढ़ापा उससे भी बदतर होता है. यही कारण था कि हमने विकलांगों को दिव्यांग कहना शुरू किया. पर आत्ममुग्ध नेताओं को कौन समझाए?






## खास खबर...

### राज्य ओपन स्कूल मुख्य एवं अवसर परीक्षा में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित मुख्य एवं अवसर परीक्षा वर्ष 2023 में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2022 निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात 01 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक 500 रूपए विलंब शुल्क के साथ छात्र-छात्राएं परीक्षा आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं। छात्र प्रवेश से संबंधित अधिक जानकारी के लिए अपने समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में संपर्क कर सकते हैं। राज्य ओपन स्कूल के सचिव प्रो. व्ही.के. गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश के लिए आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं और समीपस्थ अध्ययन केन्द्र में जमा कर सकते हैं। अध्ययन केन्द्रों की सूची कार्यालयीन वेबसाईट sos.cg.nic.in पर उपलब्ध है।

### कॉलेज स्तर के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए जानकारी 19 दिसंबर तक उपलब्ध कराए

**रायपुर।** सहायक आयुक्त तारकेश्वर देवांगन ने रायपुर जिले में संचालित कालेज स्तर के शैक्षणिक संस्था के प्रमुखों को संस्थाओं मे वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक असफल छात्रवृत्ति की संशोधित जानकारी 19 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायपुर कलेक्ट्रेट परिसर कक्ष क्रमांक-40 मे जमा करने कहा है। संस्था प्रमुख एवं छात्रवृत्ति प्रभारी समयावधि में जानकारी जमा करें। निर्धारित समय पर जमा नहीं होने की स्थिति में असफल वाले विद्यार्थियों को निरस्त माना जाएगा।

### नौ सिंचाई योजनाओं के लिए 24.79 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के नौ विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 24 करोड़ 79 लाख 48 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजना के पूरा होने से 28 हजार 670 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। बलौदाबाजार भाटापारा जिले के विकासखण्ड-बलौदाबाजार की महानदी परियोजना अंतर्गत बलौदा शाखा नहर के छह नग डेऊनेज क्रासिंग कार्य के लिए तीन करोड़ 39 लाख 41 हजार स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 23288 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बलौदाबाजार/पलारी की महानदी परियोजना अंतर्गत बलौदा शाखा नहर के वितरक शाखा क्रमांक-08 का रिमाडलिंग, लाईनिंग एवं पक्के संरचनाओं के कार्य के लिए तीन करोड़ 36 लाख 36 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 850 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बलौदाबाजार की महानदी परियोजना अंतर्गत बलौदाबाजार शाखा नहर के वितरक शाखा क्रमांक-19 का जीर्णोद्धार सी.सी. लाईनिंग एवं पक्के कार्यों के लिए तीन करोड़ 83 लाख 64 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 440 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बलौदाबाजार की महानदी परियोजना अंतर्गत बलौदाबाजार शाखा नहर वितरक शाखा क्रमांक-06 एवं सरकीपारा माईनर का रिमाडलिंग, लाईनिंग एवं पक्के संरचनाओं के निर्माण कार्य के लिए दो करोड़ 62 लाख 79 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 1004 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बलौदाबाजार की महानदी परियोजना अंतर्गत लवन शाखा नहर के वितरक शाखा क्रमांक-07 के बिटकुली माईनर का रिमॉडलिंग, सी.सी. लाईनिंग एवं स्ट्रक्चर्स के निर्माण कार्य के लिए 46 लाख 13 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है।

# आदिवासी संग्रहालय में लगेंगी छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पेंटिंग

### राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता में चयनित पेंटिंग का होगा उपयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** नवा रायपुर में बनने जा रहे आदिवासी संग्रहालय में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और जननायकों की आकर्षक पेंटिंग लगेगी। शहीद वीर नारायण सिंह की स्मृति में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में कलाकारों की चयनित पेंटिंग का उपयोग किया जाएगा। राजधानी रायपुर में 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता के समापन अवसर पर आयुक्त सह संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान शम्मी आबिदी ने कलाकारों को संबोधित करते हुए उक्त आशय के विचार व्यक्त किए। इस चित्रकला प्रतियोगिता में 166 कलाकारों ने हिस्सा लिया।



शम्मी आबिदी ने शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता सेनानियों का बहुमूल्य योगदान है। आदिम जाति एवं अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'आदि विद्रोह' में आदिवासी जननायकों के इतिहास और उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया गया है। यह चित्रकला प्रतियोगिता दो विधाओं-केनवास पेंटिंग और ड्राईंग सीट पेंटिंग में आयोजित की गई। केनवास पेंटिंग प्रतियोगिता-16 से 25 आयु वर्ग में रूपेन्द्र साहू ने प्रथम, गौरव कुमार ने द्वितीय और दियांशु देवांगन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दीपक जुर्री, सूर्यकांत भोई, गौरव कुमार पटेल, मुकेश कुंजाम और सतीश साहू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

केनवास पेंटिंग प्रतियोगिता-25 आयु वर्ग से अधिक में प्रकाश चंद्र सिंह ने प्रथम, पंकज यादव ने द्वितीय और हरिश कुमार गोंड ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु. सुरभी वर्मा, हेमंत कुमार ध्रुव, कु. प्रशंसा वर्मा, अजय देशकर, दीपक कुमार शर्मा ने सांत्वना प्राप्त किया। केनवास पेंटिंग प्रतियोगिता 16 से 25 आयु वर्ग एवं 25 से अधिक आयु वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 11 हजार रूपये, द्वितीय को 8 हजार रूपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 6 हजार रूपये की सम्मान राशि, प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए। सांत्वना पुरस्कार में 5-5 प्रतिभागियों को एक-एक हजार रूपये की सम्मान राशि और प्रमाण पत्र दिया गया।

ड्राईंग सीट पेंटिंग प्रतियोगिता-12 से 18 आयु वर्ग में उग्रेश बंजारा ने प्रथम, प्रयाग खलखो ने द्वितीय और अमृतांश एस.नाथ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कु. नैन्सी महिलांगे, कु. सानिया कमार, पंकज कुमार नेताम, कु. एस. तान्या देवी और तर्ण कुर्रे ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। ड्राईंग सीट पेंटिंग प्रतियोगिता 18 से 30 आयु वर्ग में गिरजा शंकर साहू ने प्रथम, कु. पुष्पा नेताम ने द्वितीय और पुनाराम निषाद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। त्रिलोक ठाकुर, कु. सुरभि अग्रवाल, अमित अनंत, ओंकेश्वर और प्रेमलाल पाईक ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। ड्राईंग सीट पेंटिंग प्रतियोगिता-12 से 18 आयु वर्ग एवं 18 से 30 आयु वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपये और तृतीय पुरस्कार 2 हजार रूपये की सम्मान राशि, प्रमाण पत्र और प्रतीक चिन्ह प्रदान किया गया। प्रत्येक वर्ग में 5-5 प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में एक-एक हजार रूपये की सम्मान राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अध्यक्ष कला अकादमी छत्तीसगढ़ योगेन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ चित्रकार हुकुम लाल वर्मा एवं इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के सहायक प्राध्यापक फाईन आर्ट चित्रकला विभाग संदीप किण्डो शामिल थे। निर्णायक मंडल के योगेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि सभी कलाकृतियां अपने आप में बेहद खूबसूरत थी। इनमें से किसी एक को चुनना बहुत मुश्किल था। उन्होंने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अपर संचालक एके गढ़ेवाल और उपायुक्त प्रज्ञान सेठ ने भी संबोधित किया।

त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए कार्यक्रम घोषित

# 16 दिसम्बर से भरे जायेंगे नामांकन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में त्रि-स्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम जारी किया गया है। जिसके अनुसार 16 दिसम्बर से नामांकन भरे जायेंगे।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में एक जिला पंचायत सदस्य, 10 जनपद पंचायत सदस्य, 127 सरपंच तथा 597 पंच इस तरह कुल 735 रिक्त पदों पर निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार-पुनरीक्षण के पश्चात 06 दिसम्बर को अंतिम प्रकाशन कर इन क्षेत्रों में उप निर्वाचन कराये जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। त्रि-स्तरीय पंचायतों के निर्वाचन गैर दलीय आधार पर होंगे। मतदान मतपत्र द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग की मतपेटी से कराया जायेगा। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही परिणाम की घोषणा तक ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों में जहां निर्वाचन संपन्न होना है, आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन हेतु कार्यक्रम

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन 2022 हेतु पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 28 के अनुसार समयबद्ध कार्यक्रम जारी किया गया। जिसके अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन 16 दिसम्बर प्रात: 10:30 बजे होगा एवं इसी समय से नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की शुरूआत की जाएगी। स्थानों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन एवं मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन 16 दिसम्बर प्रात: 10.30 बजे होगा। नामनिर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 23 दिसम्बर दोपहर 03:00 बजे तक निर्धारित की गयी है। नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा 24 दिसम्बर प्रात: 10:30 बजे से किया जायेगा। अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसम्बर दोपहर 3:00 बजे तक है। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन 26 दिसम्बर अपरान्ह 03:00 बजे के बाद किया जाएगा। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन 26 दिसम्बर को प्रतीक आबंटन के तुरंत बाद किया जाएगा।

### मतदान एवं मतगणना 9 जनवरी को

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु मतदान (यदि आवश्यक हो) 09 जनवरी 2023 सोमवार प्रात: 07:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक होगा। मतगणना मतदान केंद्रों पर 09 जनवरी को मतदान समाप्ति के बाद और यदि आवश्यक हो तो तहसील, खण्ड मुख्यालय पर 11 जनवरी 2023 बुधवार को अपरान्ह 03:00 बजे से होगा। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा 12 जनवरी 2023 को प्रात: 09:00 बजे से जिला पंचायत सदस्य हेतु जिला मुख्यालय में एवं जनपद सदस्य, सरपंच एवं पंच के लिए खण्ड मुख्यालयों में होगी।

धान खरीदी महाअभियान

# महज तीन पखवाड़े में किसानों से 43.74 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में राज्य में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का आकड़ा अनुमानित लक्ष्य की ओर निरंतर बढ़ता जा रहा है। धान खरीदी महाअभियान के महज तीसरे पखवाड़े तक 43 लाख 73 हजार 591 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है, जिसके एवज में राज्य के 11 लाख 42 हजार 055 किसानों को 9057 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री के मागदर्शन में धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ था। किसानों को धान विक्रय में सहुलियत एवं मिलर्स के धान उठाव के लिए बारदाने की भी बेहतर व्यवस्था के कारण सफलतापूर्वक धान की खरीदी एंव कस्टम मिलिंग हुई थी। पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक के धान खरीदी में से 50 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव हो चुका है।

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के लिए सामान्य टोकन के साथ ही ऑनलाइन टोकन जारी करने की व्यवस्था की गई है। जिसके चलते किसानों को सहूलियत होने लगी है। बड़ी संख्या में किसान टोकन तुंहर हाथ एप के माध्यम से धान बेचने के लिए अपनी मर्जी के मुताबिक तिथि का चयन कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2594 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि अब तक 34.56 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डी.ओ. जारी किया गया है, जिसके एवज में उपार्जन केंद्रों से 26.28 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है।

# 'गढ़बो नवा छत्तीसगढ़' में प्रदेश के युवाओं और महिलाओं की होगी महत्वपूर्ण भूमिका: भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि गौठानों द्वारा खुद की जमा पूंजी से गोबर खरीदना गोधन न्याय योजना की बड़ी सफलता है। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के आधे से अधिक गौठान स्वयं के संसाधनों से गोबर की खरीदी कर रहे हैं। राज्य शासन को इन गौठानों को गोबर खरीदने के लिए राशि देने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। गोधन न्याय योजना के तहत राज्य में हितग्राहियों को 376 करोड़ 50 लाख रूपए का भुगतान किया जा चुका है। योजनांतर्गत कोरिया जिले में विकासखण्ड बैकुण्ठपुर के मझगंवा गौठान की प्रगति महिला स्व सहायता समूह की 03 महिलाएं बाड़ी का कार्य कर अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ कर रहीं हैं। साथ ही अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रहीं हैं।

### बाड़ी विकास से बड़े पैमाने पर सब्जी उत्पादन, हो रही है कमाई

समूह की अध्यक्ष शमशुन निशा बताती हैं कि समूह के गठन से वे गौठान में विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर कार्य कर रहीं हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में समूह में 10 सदस्य हैं, जिनमें से 03 महिला सदस्यों के द्वारा बाड़ी विकास का कार्य किया जा रहा है। समूह की सचिव अंजुलता ने बताया कि हम पहले ही घरों में छोटे स्तर पर



आवश्यकतानुसार सब्जियां लगाते थे, और जब गौठान में बड़े पैमाने पर समूह की महिलाओं के साथ मिलकर काम करने का मौका मिला तो पहले की प्रैक्टिस से ये काम और आसान हो गया।

उन्होंने बताया कि विगत 5 महीनों से हम बाड़ी विकास का कार्य कर रहें हैं। 25 हजार की लागत से बाड़ी विकास का काम शुरू किया। वर्तमान में यहां मटर, बैगन, मूली, आलू तथा भाजी लगाए गए हैं। जिसका विक्रय कर महिलाओं को 45 हजार रुपये तक का शुद्ध लाभ हुआ है और लगातार मुनाफा बढ़ रहा है। स्थानीय बाज़ारों में ही सब्जियों की खपत हो जाती है। महिलाएं कहती हैं कि जब से हम यह कार्य कर रहीं हैं अच्छी आमदनी से आर्थिक रूप से सशक्त होकर घर-परिवार की ज़रूरतों को पूरा कर पा रहीं हैं।

नरवा गरूआ घुरूवा बाड़ी योजना विकास योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में अद्यतन 98690 बाड़ियां विकसित कर ली गई हैं। प्रदेश में निर्मित 8408 गौठानों में 39090 हितग्राहियों के साथ 4429 सामुदायिक बाड़ियां संचालित हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरवा, घुरवा और बाड़ी और गोधन न्याय योजना आमजनों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है। ग्रामीण परिवेश में निवासरत लोगों के लिए यह योजना आर्थिक उन्नति का माध्यम बनकर उभरी है। योजनांतर्गत जिले के गौठानों में स्वसहायता समूह की महिलाएं सब्जी उत्पादन सहित विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# कान की बीमारी टिनिटस क्या है? वजह, लक्षण और इलाज

कई बार हमारे आसपास किसी भी तरह की आवाज नहीं होने के बावजूद हमें कानों में सीटी या भिनभिनाने जैसी आवाजें सुनाई देती हैं। यह आवाजें हमारे कानों से ही आती हैं और थोड़ी देर बाद बंद हो जाती हैं। हालांकि अगर किसी को बार-बार ऐसी आवाजें सुनाई दे रही हैं तो यह खतरनाक हो सकता है क्योंकि यह कानों की बीमारी टिनिटस का एक लक्षण है। आइए आज टिनिटस के बारे में विस्तार से जानते हैं।



### क्या होता है टिनिटस?

टिनिटस कान से जुड़ी एक ऐसी बीमारी है जिससे ग्रस्त व्यक्ति को कानों के अंदर से सीटी या भिनभिनाने जैसी आवाज सुनाई देती है। यह बीमारी सुनने की क्षमता कम होने, कान में मैल के जमाव और कान में चोट या संक्रमण आदि के कारण हो सकती है। अगर इसका इलाज सही समय पर नहीं कराया जाए तो इससे मरीज को सोने में परेशानी, निराशा और अवसाद जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### टिनिटस किस-किस वजह से हो सकती है?

टिनिटस होने के पीछे का कारण बहरापन, कान में संक्रमण या कान में ब्लॉकेज हो सकता है जो तरल पदार्थ, मैल, गंदगी या अन्य बाहरी सामग्रियों के जमा होने के कारण होता है। इसके अलावा रक्त वाहिका संबंधी डिसऑर्डर, कान की हड्डी में बदलाव और अन्य पुरानी स्थितियां भी टिनिटस का कारण बन सकती हैं। सिर या गर्दन की चोटें, कैंसर और एंटी-डिप्रेसेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी दवाओं का सेवन इस बीमारी को बढ़ा सकते हैं।

### क्या हैं टिनिटस के लक्षण?

टिनिटस के शुरुआती लक्षण में कानों में सीटी बजने या भिनभिनाने की आवाजें सुनाई देती हैं। इसके अलावा आप गर्जना, फुफकार या भनभनाहट जैसी आवाजों का भी लंबे समय तक अनुभव करते हैं। इसके साथ ही कान में दर्द भी महसूस होता है। कुछ मामलों में ये आवाजें तेज हो सकती हैं, जिसकी वजह से बाहरी आवाजें सुनना या किसी काम में ध्यान लगाना मुश्किल हो जाता है।

### मरीज की स्थिति के आधार पर होता है टिनिटस का इलाज

डॉक्टर मरीज की स्थिति के आधार पर टिनिटस के इलाज का तरीका तय करते हैं। आमतौर पर डॉक्टर सबसे पहले जांच करके यह देखते हैं कि मरीज की सुनने की क्षमता कितनी है। इस प्रक्रिया को ऑडियोमेट्री कहते हैं। इसके बाद वह एक टाइम्पेनोमीटर का उपयोग करके आपके कान के परदे की जांच करते हैं। यह जांच डिसऑर्डर का पता लगाने और फिर आवश्यक दवाओं का सुझाव देने में मदद करती है।

### टिनिटस की रोकथाम कैसे करें?

टिनिटस को रोकने के लिए अपनी सुनने की क्षमता को सुरक्षित करने की कोशिश करें। इसके लिए अपने कानों में रुई रखने की कोशिश करें ताकि तेज आवाज के संपर्क में आने से बच सकें और हेडफोन पर गाना सुनते समय आवाज को हमेशा कम रखें। इसके अलावा रोजाना एक्सरसाइज करें और हृदय स्वास्थ्य की देखभाल के लिए स्वस्थ खाना खाएं। इसके साथ ही शराब, निकोटिन और कैफीन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित कर दें।

## अनचाहे बालों को हटाने वाली वैक्स को घर पर बनाना है आसान

त्वचा के अनचाहे बालों को हटाने का एक लोकप्रिय तरीका वैक्सिंग न सिर्फ डेड स्किन को हटाता है बल्कि त्वचा को मुलायम और चमकदार भी बनाता है। हालांकि, यह तरीका दर्दनाक हो सकता है क्योंकि इस्तेमाल के दौरान इन्हें गरम करके त्वचा पर लगाया जाता है। आइए आज हम आपको घर पर पांच तरह की वैक्स बनाने के तरीके बताते हैं। इनके इस्तेमाल से आप बिना दर्द के वैक्सिंग कर सकेंगे।



### चीनी वैक्स

चीनी वैक्स पार्लर वैक्सिंग की तुलना में कम दर्दनाक होता है और यह आपकी त्वचा को एक्सफोलिएट करने समेत इसे मुलायम बना सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में दानेदार चीनी, नींबू का रस, नमक और पानी एक साथ पिघलाएं। अब इस मिश्रण को उबालें और तब तक पकाते रहें जब तक कि यह कैरेमल जैसा रंग न ले ले। इसके बाद जब यह वैक्स गुनगुनी सी हो जाए तो इसका इस्तेमाल करें।

### शहद की वैक्स

एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर शहद की वैक्स से भी आसानी से अनचाहे बालों से छुटकारा मिल सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक माइक्रोवेव सेफ बाउल में शहद, नींबू का रस और सफेद दानेदार चीनी को डालकर 30 सेकंड के लिए माइक्रोवेव में गरम करें। इसके बाद मिश्रण को अच्छे से मिलाने के बाद इसका इस्तेमाल वैक्स की तरह करें।

### फलों की वैक्स

फलों से भी वैक्स बनाई जा सकती है और यह सभी तरह की त्वचा पर सूट करती है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक गरम पैन में दानेदार चीनी, स्ट्रॉबेरी का जूस, नींबू का रस, नमक और पानी को मिलाएं। अब इस मिश्रण को उबालें और तब तक पकाएं जब तक यह अच्छे से गाढ़ा न हो जाए। इसके बाद फलों की वैक्स तैयार है।

### चॉकलेट वैक्स


चॉकलेट वैक्स को बनाने के लिए कोको पाउडर का इस्तेमाल किया जाता है। यह त्वचा को गहराई से साफ करने समेत ब्लड सर्कुलेशन को सुधारने में मदद कर सकता है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गरम पैन में कोको पाउडर, दानेदार चीनी, ग्लिसरीन, नमक और नींबू के रस को मिलाकर मिश्रण को उबालें। इसे तब तक पकाते रहें जब तक कि मिश्रण गाढ़ा न हो जाए। फिर इसे ठंडा होने दें और यह तैयार है।

### एलोवेरा वैक्स

यह वैक्स घने बालों को आसानी से हटा देगी और त्वचा को मुलायम भी बना देगी। वहीं, इसमें मौजूद जिलेटिन कोलेजन को बढ़ावा देने और त्वचा को निखारने में मदद करेगा। वैक्स बनाने के लिए एक माइक्रोवेव बाउल में जिलेटिन, एलोवेरा जेल और कच्चे दूध को मिलाकर कुछ सेकंड के लिए माइक्रोवेव करें। अब इसे अनचाहे बालों पर लगाएं और इसके पूरी तरह से सूख जाने पर इसे धीरे से उतारें।

## सीजनल अफेक्टिव डिसॉर्डर: ये है इसके कारण, लक्षण और बचाव के उपाय

हर मौसम अपने साथ अलग-अलग तरह की बीमारियां लाता है और सर्दियों में हार्ट अटैक समेत सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर जैसी बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ जाता है। सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर एक मानसिक समस्या है, जिसे विंटर डिप्रेशन भी कहा जाता है। यह दैनिक कामकाज को काफी प्रभावित कर सकती है। आइए आज हम आपको सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय बताते हैं।



### सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर क्या है?

सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर एक प्रकार का डिप्रेशन है, जो मौसमी बदलाव से शुरू होता है। आमतौर पर सर्दियों के दौरान इसके होने की संभावना ज्यादा रहती है। सर्दियों में दिन छोटे होते हैं तो लोग खुद को उदास महसूस करने लगते हैं और वसंत के लंबे दिनों में खुद को बेहतर महसूस करना शुरू कर देते हैं। कुछ मामलों में सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर से ग्रस्त व्यक्ति के कार्य करने के तरीके पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

### सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर के लक्षण

इस डिसऑर्डर से ग्रस्त लोग खुद को उदास और परेशान महसूस कर सकते हैं। इसी तरह वह अपनी भूख या वजन में बदलाव का अनुभव करते हुए ऊर्जा की कमी महसूस कर सकते हैं। इससे ग्रस्त लोग अपनी पसंदीदा गतिविधियों में भी रुचि खो सकते हैं। उन्हें ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है और सुस्त महसूस कर सकते हैं। उनके मन में आत्महत्या के विचार आ सकते हैं और अधिक सोने का भी अनुभव कर सकते हैं।

### सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर के कारण

सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर के कारण अभी भी अच्छी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, कुछ कारकों का इसके साथ संबंध पाया गया है। शरीर में होने वाले हार्मोंस बदलाव भी इसके जिम्मेदार हो सकते हैं। सूर्य की रोशनी के संपर्क में कम आने से बायोलॉजिकल वॉच प्रभावित होता है और इससे शरीर के हार्मोन्स के उत्पादन पर असर पड़ता है। इस वजह से भी यह डिसऑर्डर हो सकता है।

### किन लोगों को इस डिसऑर्डर का है ज्यादा खतरा?

कई शोध के मुताबिक, सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर का खतरा पुरुषों की तुलना में महिलाओं को ज्यादा होता है। ज्यादातर मामलों में यह डिसऑर्डर किशोरावस्था में शुरू हो जाता है। इसके अतिरिक्त, पहले से अवसाद ग्रस्त लोगों, बाइपोलर डिसऑर्डर के रोगी और अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर के लोगों को इसका ज्यादा खतरा रहता है। ईटिंग डिसऑर्डर, स्ट्रेस या पैनिक डिसऑर्डर से ग्रसत लोगों को भी इसका खतरा रहता है।

### सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर से बचाव के उपाय

यदि आपने पहले सीजनल अफेक्टिव डिसऑर्डर का अनुभव किया है तो उपचार जल्दी शुरू करने से आप बेहतर स्थिति में हो सकते हैं। इसके लिए अपने चिकित्सक से परामर्श करें। इस डिसऑर्डर वाले लोगों में अक्सर विटामिन-डी की कमी होती है। ऐसे में विटामिन-डी के सप्लीमेंट्स इसके लक्षणों को सुधारने में मदद कर सकते हैं।

## शाहरुख खान की पठान का पहला गाना बेशरम रंग रिलीज

अभिनेता शाहरुख खान अपनी फिल्म पठान को लेकर खबरों में छाए हुए हैं। अब इस फिल्म का पहला गाना बेशरम रंग रिलीज हो गया है। इसमें अभिनेत्री दीपिका पादुकोण काफी बोल्ड अंदाज में नजर आई हैं। गाने में दीपिका का डांस स्टेप फैंस को झूमने पर मजबूर कर देगा। इसमें शाहरुख के साथ अभिनेत्री की केमिस्ट्री देखते ही बन रही है। शाहरुख का शर्टलेस अवतार भी दर्शकों को पसंद आ रहा है।

यशराज फिल्म्स के आधिकारिक यूट्यूब हैंडल पर इस गाने को अपलोड कर दिया गया है। 3 मिनट 13 सेकेंड के गाने में ग्लैमर का जबरदस्त तड़का लगाया गया है। गाने के म्यूजिक के साथ-साथ इसके दृश्य काफी लुभवाने हैं। शाहरुख की पठान अगले साल 25 जवनरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसमें शाहरुख और दीपिका के अलावा जॉन अब्राहम भी नजर आएंगे। वह खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है।

## रणबीर-श्रद्धा अभिनीत लव रंजन की फिल्म का टाइटल कल होगा जारी

अभिनेता रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर फिल्ममेकर लव रंजन की अगली फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान लव ने संभाली है। यह एक रोमांटिक फिल्म है, जिसके नाम का ऐलान अभी नहीं किया गया है। ऐसी चर्चा चल रही है कि मेकर्स 14 दिसंबर को फिल्म के टाइटल की घोषणा कर देंगे। बताया जा रहा है कि एक अनाउंसमेंट वीडियो के जरिए फिल्म के नाम से पर्दा उठाया जाएगा।

एक करीबी सूत्र ने कहा, जी हां, आखिरकार इंतजार खत्म हुआ। लव 14 दिसंबर को एक विशेष वीडियो के साथ अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म के टाइटल की घोषणा करेंगे। इसे डिजिटली लॉन्च किया जाएगा और 16 दिसंबर से सभी मल्टीप्लेक्स में चलाया जाएगा। फिल्म के टाइटल अनाउंसमेंट वीडियो में रणबीर और श्रद्धा की झलक दिख सकती है। इसमें बोनी कपूर और डिंपल कपाड़िया रणबीर के माता-पिता का किरदार करेंगे। फिल्म अगले साल होली पर आएगी।

## अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 में कैमियो कर सकते हैं राम चरण

सुपरहिट पुष्पा में अपने अभिनय से अभिनेता अल्लू अर्जुन ने देशभर में लोकप्रियता हासिल की। अब इसके सीक्वल पुष्पा 2 पर काम चल रहा है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा के एक और सुपरस्टार राम चरण की एंट्री हो गई है। वह कैमियो के किरदार में नजर आ सकते हैं। हालांकि, इस संबंध में कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। अल्लू और राम इससे पहले ब्लॉकबस्टर फिल्म रंगस्थलम में साथ काम कर चुके हैं।

खबरों की मानें तो पहले भाग से पुष्पा 2 का बजट बड़ा होगा। फिल्म के निर्माण की लागत करीब 200 करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। इसका बजट 400 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। मेकर्स इसे केजीएफ 2 से भव्य बनाने की कोशिश में लगे हैं। इसमें फिर अल्लू के साथ रश्मिका मंदाना नजर आएंगी। पहले भाग की तरह इसका निर्देशन सुकुमार कर रहे हैं। इस सीरीज की पहली फिल्म पिछले साल 17 दिसंबर को सिनेमाघरों में आई थी।

## संजय दत्त के साथ स्क्रीन शेयर करने का इंतजार नहीं कर सकती: पलक तिवारी

टेलीविजन स्टार श्वेता तिवारी की बेटी नवोदित पलक तिवारी ने हाल ही में सलमान खान अभिनीत 'किसी का भाई किसी की जान' की शूटिंग पूरी की है। वह अपनी अगली परियोजना 'द वर्जिन ट्री' में एक बहुत ही अलग भूमिका में नजर आएंगी, जिसमें संजय दत्त भी हैं। नवोदित निर्देशक सिद्धांत सचदेव द्वारा अभिनीत इस हॉरर-कॉमेडी फिल्म के कलाकारों में पलक और संजय के अलावा सनी सिंह, मौनी रॉय शामिल हैं।




एक नई फिल्म की शूटिंग शुरू करने के बारे में बात करते हुए युवा अभिनेत्री जो अपनी पहली फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रही है, ने इसे एक वास्तविक अनुभव बताया है।

पलक ने कहा, मैं संजय सर के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। उनके पास बहुत ज्ञान है जो वह हम सभी को प्रदान कर सकते हैं। सनी के साथ काम करना बहुत अच्छा है। वह स्क्रीन पर स्वाभाविक रूप से बहुत मजाकिया और आकर्षक हैं। पूरी कास्ट शानदार है। फिल्म की शूटिंग पुणे में हो रही है।

## शॉर्ट ड्रेस में बोल्डनेस का तड़का लगाती दिखीं साक्षी मलिक

सोनू के टीटू की स्वीटी फेम साक्षी मलिक आए दिन अपने बोल्ड फोटोज और वीडियोज के कारण सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर हमेशा अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हाल ही में साक्षी मलिक के लेटेस्ट फोटोशूट से एक बार फिर सोशल मीडिया का पारा गर्म हो गया है। इन तस्वीरों में उनका बोल्ड लुक्स फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं। एक्ट्रेस साक्षी मलिक हमेशा अपने कातिलाना और किलर लुक्स से फैंस का दिल जीत लेती हैं। अभिनेत्री साक्षी आए दिन अपनी हॉट और सेक्सी अंदाज में तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस साक्षी मलिक ने पिंक कलर का क्रॉप टॉप पहना हुआ है और साथ ही डेनिम लाइट कलर में स्कर्ट पहनी हुई है। ओपन हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस साक्षी मलिक अपना परफेक्ट फिगर फ्लॉन्ट करती हुई हॉट फोटोशूट करवा रही हैं। एस्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस हमेशा उनकी तस्वीरों पर दिलखोलकर प्यार लूटाते हैं। साक्षी मलिक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि एक्ट्रेस की इंस्टाग्राम पर जबरदस्त फैन फॉलोइंग है।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरल उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# 11 साल का तोड़ा रिकार्डः एसएमएस 2 ने 100 हीट बना कर बनाया नया कीर्तिमान

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप क्रमांक 2 ने 10 दिसंबर 2022 को 100 हीट्स उत्पादन कर 11 साल पुराना रिकॉर्ड तोड दिया। पिछला दैनिक रिकॉर्ड माह जनवरी 2011 में 95 हीट्स का था। 10 दिसंबर 2022 को ही हाई स्पीड कास्टर क्रमांक 6 से एक ही सीक्वेंस यानी लगातार 36 हीट बनाकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया गया। इस कास्टर का पिछला रिकॉर्ड 6 दिसंबर 2022 को 35 हीट का था।

उल्लेखनीय है कि 10 दिसंबर 2022 को रखरखाव (मेंटेनेंस) कारणों के वजह से संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप क्रमांक 3 को एक दिन के लिए शटडाउन में लिया गया है। संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस से उत्पादित हॉट मेटल का स्टील मेल्टिंग शॉप क्रमांक-2 में ही खपत करने हेतु योजना बनाई गई। एसएमएस-3 के शटडाउन के मद्देनजर एसएमएस-2 के मिक्सर, कन्वर्टर, कास्टर एवम अन्य उपकरणों के संचालन हेतु योजना एस एसएमएस-2 के शीर्ष अधिकारी, विभिन्न सेक्शन के टीम के सदस्यों तथा सहायक विभागों को साथ लेकर बनाई गई ।

संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस द्वारा लगातार हॉट मेटल की आपूर्ति की जा रही थी। सारे चुनौतियों को स्वीकारते हुए और बनाई गई योजना को एसएमएस-2 के सीजीएम श्री एस के घोषाल के नेतृत्व में बेहतरीन टीम वर्क के साथ कार्यान्वयन करते हुए एसएमएस-2 बिरादरी ने न केवल उत्पादन के निरंतरता को योजनाबद्ध तरीके से जारी रखा, बल्कि 100 हीट बनाकर नया कीर्तिमान भी स्थापित किया।

एसएमएस-2 के पांच कास्टर का एक साथ संचालन कर क्रूड इस्पात को कास्ट ब्लूम एवम कास्ट स्लैब में परिवर्तित कर उत्पादन की निरंतरता सुनिश्चित करना भी अपने आप में एक चुनौती थी। एसएमएस-2 के इतिहास में पहली बार प्रथम पाली के दौरान पांच कास्टर का एक साथ संचालन लगभग ढाई घंटे के लिए किया गया।

11 दिसंबर 2022 के सुबह संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) श्री अंजनी कुमार ने एसएमएस-2 जा कर संपूर्ण मिल बिरादरी एवम सहायक विभागों को योजनानुसार उत्पादन बनाए रखते हुए नई कीर्तिमान स्थापित करने हेतु बधाई दी। उल्लेखनीय है कि एसएमएस-2 द्वारा पहली पाली में अब तक का सर्वाधिक 38 हीट का उत्पादन भी दर्ज किया गया।

## खास खबर

### रेगले में नया धान खरीदी केन्द्र खुलने से किसानों में खुशी की लहर

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टर कक्ष से बगीचा विकासखण्ड के गुरूम्हाकोना निवासी किसान नारायण यादव से विडियो कॉल के माध्यम से बात की और धान विक्रय की जानकारी ली।

किसान श्री नारायण ने बताया कि अपने घर से 2 किलोमीटर की दूरी पर ही धान खरीदी केन्द्र खुलने से बहुत खुशी हो रही है। पहले धान बेचने के लिए 12 किलोमीटर दूर बगीचा जाना पड़ता था। दूरी अधिक होने के कारण आने-जाने में अधिक समय लगता था और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ाता था। अब घर के नजदीज धान खरीदी केन्द्र रेगले में खुल जाने से धान बेचने में आसानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि गुरूम्हाकोना के आस-पास के किसान नजदीक में धान खरीदी केन्द्र की मांग कर रहे थे। उनकी मांग को छत्तीसगढ़ शासन ने गंभीरता से लेते हुए नजदीक रेगले में धान खरीदी केन्द्र नया खोल दिया गया है। जिससे आस-पास के किसानों में हर्ष व्याप्त है और सभी किसानों ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

# नवदृष्ठि फाउंडेशन और ब्लड डोनर फाउंडेशन को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए खाद्यमंत्री ने किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अंबिकापुर के निकट भटगांव में आयोजित ओम साईं रक्तदाता सेवा समिति रायपुर की भटगांव इकाई के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान में नव दृष्टि फाउंडेशन को उसके सामाजिक कार्यो व् जनहित के लिए किये जा रहे कार्यो के लिए खाद्य मंत्री छत्तीसगढ़ कैबिनेट अमरजीत भगत के द्वारा सम्मानित किया गया खाद्य मंत्री अमरजीत भगत ने नवदृष्टि फाउंडेशन के राज आढ़तिया, हरमन दुलई, जितेंद्र कारिया को मोमेंटो दे सम्मानित किया। नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्य सत्येंद्र राजपूत ने कहा कि यह सम्मान हमारी संस्था का मनोबल बढ़ाएगा व हमारे सदस्य दोगुनी क्षमता और ऊर्जा से जनहित के कार्य करेंगे। राज आढ़तिया ने कहा यह सम्मान हमारी संस्था के सदस्यों द्वारा किये जा रही निष्काम सेवा का सम्मान है इस सम्मान से हमारे अभियान को गति मिलेगी।

ओम सांई रक्त दाता समिति, जरही-भटगांव, सूरजपुर (छ. ग.) में 11 दिसंबर को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवदृष्टि फाउंडेशन और छत्तीसगढ़ ब्लड डोनर फाउंडेशन को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने प्रशस्त्रि पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्यतिथि अमरजीत भगत ने कहा कि रक्तदान को लेकर बडे पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाए जाने की जरूरत है। रक्तदान को लेकर लोगो में भय है। रक्तदान से हम बीमार मरीज की जान बचा सकते है। रक्तदान करना चाहिए। इससे समाज मे समरसता को बढावा मिलने के अलावा किसी की जिंदगी भी बचाई जा सकती है। आयोजन करने वाली संस्था के अध्यक्ष एम वासुदेव राव ने कहा कि रक्तदान को लेकर लोगो मे काफी भ्रांतियां है जिसको दूर करने के लिए लोगों को जागरूक करने की जरूरत है। और रक्त की जरूरत कब किस इंसान को पड़ जाए कहा नही जा सकता। क्या पता आपके खून की कुछ बूंदे किसी जरूरतमंद की सांसो को थमने से रोक दे। प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोगो के दिलोदिमाग में रक्तदान को लेकर कुछ गलत धारणाए विद्यमान है। यही वजह है कि बहुत प्रयास के बावजूद बमुश्किल कम रक्त उपलब्ध हो पाता है।

आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने और उसके फायदे समझाने के लिए व्यापक स्तर पर जन-जागरण अभियान चलाया जाए। और रक्तदान करने वालो को हर जगह मान-सम्मान मिलना चाहिए, ताकि अन्य लोग भी प्रेरित हो। मेरे ख्याल से लोगो को रक्तदान के लिए बढ़ावा देने और रक्तदाता का आभार जताने के लिए हर साल प्रत्येक संस्था अपने स्थापना दिवस पर रक्तदाताओं सम्मान करना चाहिए है। हर साल प्रत्येक संस्था आप अपने अपने कार्यक्रमो में थीम अलग अलग रखना चाहिए है। जैसे इस वर्ष 2022 रक्तदाता दिवस की थीम 'Donating blood is an act of solidarity. Join the effort and save lives.' है यानी 'रक्तदान एकजुटता का कार्य है। प्रयास में शामिल हो और जीवन बचाएं।'

संस्था की ओर से सम्मान कार्यक्रम में इस सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के प्रत्येक जिले से विभिन सेवा संस्थाए शामिल हुए जिसमे ओम साई रक्तदाता सेवार्थ समिति रायपुर, नव दृष्टि फाउंडेशन, साईनाथ जन सेवा समिति, प्रजा सेवा समिति, नेताजी सुभाष चंद्र बोस रक्तदाता समिति, भानुप्रतापपुर, महासमुंद, अम्बिकापुर, डोंगरगढ़, कोरबा, भाटापारा, दल्लीराजहरा, कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ के कोने कोने से सेवा संस्थाए शामिल हुए। और अम्बिकापुर व सूरजपुर के नियमित रक्तदाताओ का भी सम्मान किया गया। और कार्यक्रम के मुख्यातिथि छत्तीसगढ़ शासन के खाद्यमंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव व भटगांव के विधायक पारसनाथ राजवाडे जी, शफी अहमद (अध्यक्ष श्रम कल्याण विभाग छ. ग. शासन), डॉ. आर. एस. सिंह (चि. एवं स्वा. अधि. सूरजपुर), डॉ. अजय तिर्की (महापौर अम्बिकापुर), अरविंद कुमार (एस. ई. सी.एल. भटगाँव), डॉ. यू. एस. बैठा (सीएमओ भटगाँव) आदि उपस्थित हुए।

# बैंक ऑफ इंडिया चैरिटी वेलफेयर कार्यक्रम, चरामेति फाउंडेशन ने वितरण की ट्रायसायकल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बैंक ऑफ इंडिया के तात्यापारा स्थित आंचलिक कार्यालय में आयोजित वेलफेयर कार्यक्रम में चरामेति फाउंडेशन के माध्यम से श्रीमती अनिता साहू, बेमेतरा, मन्नूलाल देवांगन को ट्रायसायकल प्रदान की गई।

उक्त गरिमामय कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के एम. डी. एवं सी. ई. ओ ए. के. दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बैंक के महाप्रबंधक लोकेश कृष्ण, आंचलिक प्रबंधक विवेक प्रभु, उप आंचलिक प्रबंधक नीरज कुमार दत्ता एवं चरामेति फाउंडेशन के राजेन्द्र ओझा, डॉ.मृणालिका ओझा, प्रशांत महतो, जी. पी. अखिलेश विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त रोशन बहादुर सिंह, चंद्रशेखर पुरी गोस्वामी, भूषण साहू, प्रेम प्रकाश साहू, निखिल, प्रकाश चौहान संतोष देवांगन आदि भी इस गरिमामय कार्यक्रम में उपस्थित थे।

समस्त हितग्राहियों ने बताया कि इस तीन पहिया सायकिल से उनके जीवन में बड़ा परिवर्तन आयेगा। दूसरों पर आश्रित न रहकर खुद पर भरोसा एवं विश्वास बढ़ेगा। इस हेतु उन्होंने चरामेति फाउंडेशन एवं बैंक ऑफ इंडिया के प्रति आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने जीएसटी सरलीकरण के लिए सुझाव संबंधी ज्ञापन सौंपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 17 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक के लिए चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने प्रिंसिपल कमिश्नर सेन्ट्रल जीएसटी एवं स्टेट जीएसटी कमिश्नर से मिलकर जीएसटी सरलीकरण के सम्बंध में सुझाव हेतु ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 17 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउंसिलिंग की बैठक में सुझाव देने हेतु 28 नवंबर को चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनो एवं पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई थी। इसी तारतम्य में प्रदेश चेंबर अध्यक्ष के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधिमंडल ने अतुल गुप्ता (IRS), प्रिंसिपल कमिश्नर, सेन्ट्रल जीएसटी तथा भीम सिंह (IAS) राज्य जीएसटी आयुक्त से मिलकर जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा ।

कुछ व्यापारियों ने जीएसटी के जटिल प्रारूप को ही निरस्त करने की मांग की तथा जीएसटी के कारण व्यापार में बढ़ रहे लेखांकन खर्च सम्बन्धी परेशानियों को भी सामने रखा जिसे प्रमुख रूप से चेंबर ने सुझावों में सूचीबद्ध किया।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बताया कि 17 दिसंबर को होने वाली जीएसटी काउन्सिल की बैठक में जीएसटी सरलीकरण हेतु सुझाव देने तथा प्रदेश के व्यापारियों में जीएसटी को लेकर आ रही कानूनी और तकनीकी परेशानियों के सम्बंध में चेंबर भवन में विभिन्न व्यापारिक-औद्योगिक संगठनो एवं पदाधिकारियों की बैठक रखी गई थी जिसमे जीएसटी सरलीकरण को लेकर विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए।

इस अवसर पर चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, उपाध्यक्ष भरत जैन, जय नानवानी, मंत्री निलेश मुंधड़ा, दिलीप इसरानी, अमित अग्रवाल एवं भिलाई चैंबर कार्यालय प्रधान ठाकुर गौतम सिंग आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## प्रमुख सुझाव निम्नानुसार हैः-

- एक ही लेनदेन पर दो दो बार ब्याज
- नियम 86 बी- Restriction of ITC to 90%
- इनपुट टैक्स क्रेडिट जीएसटीआर 2बी के आधार मान्य होने
- जीएसटी प्रणाली में ब्याज की गणना के प्रावधान को बदलने बाबत
- पूर्व माह का जीएसटीआर -3बी न जमा होने पर जीएसटीआर -1 जमा करने पर प्रतिबन्ध
- नियम 21 जीएसटी पंजीकरण का निलंबन/निरस्तीकरण
- ई-इनवॉइसिंग के 1 अक्टूबर 2022 से रु.10 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों पर लागू किए गए प्रावधान वापस लेने बाबत.
- E-Invoicing की स्थिति में खरीददार को इनपुट अनिवार्य रूप से मिलना चाहिए.
- ई-वे बिल की वैधता अवधि में 50 प्रतिशत की कटौती
- माल के परिवहन एवं ई-वे बिल सम्बंधित समस्याएं
- छुटे हुए इनपुट टैक्स क्रेडिट लेन एवं वार्षिक विवरण पत्र में संशोधन किए जाने हेतु अवसर प्रदान करने बाबत.
- जीएसटी वार्षिक विवरण के सम्बंध में सुझाव.
- ब्याज, पेनाल्टी एवं विलंब शुल्क से छुट प्रदान करने हे.
- जीएसटी का रजिस्ट्रेशन संरेडर करने बाबत.
- ई-वेय बिल अवधि निर्धारण में अवकाश के दिनों को शामिल ना किये जाने.
- 1आर, एवं 3बी विवरिणी नहीं जमा होने पर, विक्रेता पर ही कार्यवाही की जानी चाहिए
- RCM संबधित प्रावधान
- स्टेशनरी वस्तु 'पेन' पर जीएसटी में वृद्धि न बढ़ाए जाने बाबत
- रिटर्न सम्बंधित अन्य समस्याए.

# पैरा बेल तैयार करने में कांकेर जिला राज्य में प्रथम, बेलर मशीन से 200 टन पैरा बेल तैयार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**उत्तर बस्तर कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में कृषि अभियांत्रिकी जिला कांकेर द्वारा अपने कार्यालय के बेलर मशीन से विकासखण्ड कांकेर के ग्राम-आतुरगांव, सिंगारभाट, माटवाड़ालाल, गढ़पिछवाड़ी, नादनंमारा, बेवर्ती, पोटगांव, पुसवाड़ा, ब्यासकोंगेरा, पुसावण्ड, कोदागांव, देवकोंगेरा एवं माकड़ी तथा नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम-बागोडार, कुरना, सरोना, सारवण्डी, मालगांव, बागोड़ एवं बाबु साल्हेटोला तथा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम-डोण्डे, पी. व्ही. 112, पी.व्ही. 87 एवं साबेर के कृशकों के खेतों में हार्वेस्टर मशीन से धान कटाई उपरांत पराली को पैरा बेल बनाकर नजदीक के गौठानों-श्रीगुहान, कुरना, माटवाड़ा लाल, डोण्डे, गढ़पिछवाड़ी, साबेर, बेवर्ती, पोटगांव, पुसवाड़ा, ब्यासकोंगेरा, कोदागांव, सरोना, सारवण्डी, देवकोंगेरा, माकड़ी खुना, मालगांव एवं बागोड़ में पशुओं के चारा हेतु गौठान समिति द्वारा भण्डारण किया गया हैं।

बेलर मशीन से पैरा बंडल हेतु ग्राम नादनंमारा के कृषक भुवनराम साहू, ग्राम-माटवाड़ा लाल के कृषक पुरनराम सोनकर, ग्राम-कुरना के कृषक उमेश निषाद, ग्राम-डोण्डे के कृषक श्रीमती शांतिदेवी नेताम, ग्राम-पी.व्ही-112 (पखांजुर) के कृषक शंकर महाजन, ग्राम-साबेर के कृषक निर्मल देवनाथ एवं सुबल सरकार, ग्राम-कोदागांव के कृषक राम गुलाल साहू एवं राजकुमार साहू, ग्राम-गढ़पिछवाड़ी के कृषक कोमल राम नाग, देवजी सलाम, चमरूराम सलाम तथा अन्य 70 कृषकों द्वारा पैरादान किया गया। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा खेत में पड़े पराली को न जलाकर गौठानों में दान करने हेतु कृषकों से अपील किया गया है। उन्होंने कहा कि बेलर मशीन का अधिक से अधिक उपयोग कर खेत में पड़े पराली को पैरा बेल बनाकर गौठान को दान किया जाय।

सहायक कृषि अभियंता एच.एल. देवांगन ने बताया कि जिले में 24 ग्रामों के 82 कृषकों के खेत में बेलर मशीन से 8025 पैरा बेल तैयार किया जाकर लगभग 200 टन पैरा बेल गौठान समिति के माध्यम से जिले के 17 गौठानों में पशुओं के चारा हेतु उपलब्ध कराया गया है। पैरा बेल तैयार करने में कांकेर जिला राज्य में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि पहले जिले के किसान रबी फसल की तैयारी के लिए खेत में पड़े हुए धान के पराली को जलाते थे, जिससे पर्यावरण प्रदुषण होता था एवं मिट्टी की उर्वरकता शक्ति भी कमजोर हो जाती थी। वर्तमान में बेलर मशीन के उपयोग होने से जिले के किसान स्वयं आगे आकर गौठानों के लिए पैरादान कर रहे है।


Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# युवती के साथ दरिंदगी, नग्न हालत में पड़ी मिली लाश, हत्यारे ने बाल नोचा, एक हाथ उखाड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले में एक 19 साल की लड़की की हत्या कर उसकी लाश को नग्न करके गांव के बाहर खेत में फेंक दिया गया। सोमवार को जब न्यूड बॉडी पर ग्रामीणों की नजर गई तब इसकी सूचना पुलिस को दी। हत्यारे ने लड़की के साथ ऐसी क्रूरता की है कि लाश देखकर लोगों की रूह कांप गई है। लड़की का एक हाथ शरीर से अलग पड़ा हुआ है वहीं उसके बाल पूरे खेत में फैले हुए हैं। हत्यारे ने बेरहमी से युवती को मौत के घाट उतारा है। यह पूरा मामला जिले के पिपरिया थाना क्षेत्र के इंदौरी गांव की है। जहां के बाहर खपरी जाने वाले मार्ग पर नहर किनारे खेत में युवती की क्षत-विक्षत लाश मिली है।



युवती की हत्या की पिपरिया पुलिस के साथ जिला पुलिस टीम भी घटना की जांच की जा रही है। सोमवार को रायपुर की एफएसएल की टीम ने भी पहुंचकर बारीकी से मामले की जांच पड़ताल की है। मौके पर जांच के बाद शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही हत्या कैसी हुई साफ हो पाएगा।

सोमवार की सुबह ग्राम इंदौरी गांव के लोगों ने खेत में युवती की नग्न अवस्था में शव देखा। शव के आसपास ही कपड़े पड़े थे। सिर का बाल आधे से ज्यादा नोंच लिया गया था। वो भी शव के आसपास ही बिखरे मिले। युवती के शरीर में एक भी कपड़ा नहीं था। शव का दाहिना हाथ भी शरीर से अलग था। सिर औंधे मुंह जमीन में पड़ा था। चेहरा देखकर कोई उसे पहचान नहीं सका। जब दूसरे लोगों की तरह ही लड़की का पिता भी शव को देखने के लिए मौके पर पहुंचा तो उसने कपड़े से अपनी बेटी को पहचान लिया। पिता के सूचना पर ही पुलिस मौके पर पहुंची।

### युवती 5 दिसंबर से गायब थी

मृतका की पहचान गांव के ही रहने वाली 19 वर्षीय युवती के रूप में की गई है। उसके पिता ने बताया कि वह बीते 5 दिसम्बर से गायब थी। घर, परिवार, रिश्तेदार के यहां ढूंढने पर भी वह कहीं नहीं मिली। तीन दिनों तक अपने स्तर में तलाश की थी। जब कोई जानकारी नहीं मिली तो पिपरिया थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। उसके चार दिन बाद सोमवार को गांव के बाहर खेत में शव मिला। उसकी किसी के साथ कोई विवाद या लड़ाई झगड़ा नहीं है। कुछ लोगों पर उन्होंने शंका जाहिर की है, जिनके बारे में पुलिस को बताया गया है। संदेहियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

### बाल नोचा, हाथ उखाड़ा

पुलिस के अनुसार शव से दुर्गंध आने लगी थी मतलब साफ है कि हत्या 48 घंटे पहले हुई हो। इसके अलावा जांच के दौरान खेत पर कहीं भी खून के निशान नहीं मिले। युवती के शरीर पर भी छीना झपड़ी के गहरे निशान नहीं दिखाए दिए। इससे यह आशंका जताई जा रही है पहले युवती की हत्या की गई, जिसके बाद निर्ममता से उसके हाथ उखाड़े गए, बाल नोचे गए। पुलिस को गुमराह करने हत्या कहीं और करके शव को उसके ही घर 400 मीटर की दूरी पर फेंक दिया गया। पुलिस हर पहुलू पर बारीकी से जांच की दिशा को आगे बढ़ा रही है। हत्यारा जो भी होगा, जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

पेड़ से टकरा कर कार में लगी भयंकर आग

# हादसे में गाड़ी में सवार दो लोगों की मौके पर मौत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** छत्तीसगढ़ के मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में एक कार पेड़ से टकरा गई। जिसके बाद कार में भयंकर आग लग गई। इस दुर्घटना में कार सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं घायल चार लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना सोमवार देर रात मनेंद्रगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में मनेंद्रगढ़-अंबिकापुर मार्ग बेलबहरा जंगल के पास की है। कार में कुल छह लोग सवार थे।

### पेड़ से टकरा कर जल गई कार

मिली जानकारी के अनुसार सूरजपुर से एक कार में सवार लोग कोतमा की ओर आ रहे थे। तभी बेलबहरा के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। इसके बाद कार में आग लग गई और देखते-देखते कार धू-धू कर जलने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती कराया गया है।

### राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना

घटना में कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। 4 लोग झुलस गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के दौरान एक राहगीर ने फेसबुक लाइव कर लोगों से मदद की गुहार भी लगाई। पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## खास खबर



### कुम्हारी के जोरा तालाब में डूबने से नाबालिग लड़के की मौत, शिनाख्त में जुटी पुलिस

**भिलाई।** दुर्ग जिले के कुम्हारी क्षेत्र में एक तालाब में डूबने से नाबालिग लड़के की मौत हो गई। कुम्हारी थाना पुलिस ने बताया कि नाबालिग का शव सोमवार को तालाब से निकाला गया। फिलहाल बालक के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि जोरा तालाब में अज्ञात बालक उम्र करीब 15,16 वर्ष की तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई है। जिसका थाना में मर्ग क्रमांक 71/2022 धारा 174 जा.फो कायम किया गया है। शव को शासकीय अस्पताल सुपेला मरच्यूरी में रखा गया है। किसी थाना चौकी क्षेत्र में गुम इंसान कायम हो या अज्ञात बालक के बारे में कोई जानकारी हो तो थाना कुम्हारी में सूचित करें।

### मेडिकल कॉलेज में दाखिला के नाम पर 35 लाख की ठगी

**रायगढ़ (ए)।** साइबर सेल की टीम गत दिनों चौकी जूटमिल क्षेत्र के युवक को MBBS के लिए मेडिकल कॉलेज में दाखिला के नाम पर 35 लाख की ठगी करने वाले दो आरोपी पिता-पुत्र को मध्यप्रदेश के अनूपपुर से गिरफ्तार कर रायगढ़ लाया गया, जिनसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जब्ती कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पीड़ित गगन बिहारी पटेल (उम्र 30 साल) निवासी डूमरसिंघा थाना सरिया हाल मुकाम कालिंदी कुंज कबीर चौक रायगढ़ 7 दिसंबर 2022 को पुलिस चौकी जूटमिल में उससे धोखाधड़ी किए जाने का एक लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया था।

पीड़ित बताया कि वर्ष 2020 में बालाजी अस्पताल रायपुर में काम कर रहा था उस समय इसकी जान पहचान जितेंद्र कुमार साहू जो स्वयं को दल्लीराजहरा का मूल निवासी और रायपुर मेडिकल कॉलेज का कोआर्डिनेटर होना बताया। जितेन्द्र कई मंत्रियों और बहुत से मेडिकल कॉलेज के डीन से अच्छी जान पहचान होना बताया और डॉक्टर बनने एमबीबीएस की पढाई के लिये बगैर नीट की परीक्षा दिए किसी भी मेडिकल कॉलेज में दाखिला कराने में सक्षम होना बताया। जितेन्द्र यह भी बताया कि उसके पिताजी बोधराम साहू एसईसीएल के कर्मचारी हैं, जिनका भी बड़े-बड़े नेता मंत्री के साथ उठना बैठना है।

# अनुकंपा नियुक्ति के लिए भिड़े दो भाई छोटे ने बड़े भाई का काट दिया प्राइवेट पार्ट

श्रीकंचनपथ न्यूज




**सक्ती।** पिता की मौत के बाद दो सगे भाई अनुकंपा नियुक्ति के लिए भिड़ गए। दोनों के बीच झगड़ा भी ऐसा हुआ कि छोटे भाई ने बड़े भाई का प्राइवेट पार्ट ही काट दिया। इतने भी दिल नहीं भरा तो उसने पत्थर से उसका सिर भी फोड दिया। घटना सख्ती थाना क्षेत्र का है। इस घटना के बाद आरोपी भाई फरार हो गया था हालांकि पुलिस ने सोमवार को उसे गिरफ्तार कर लिया।

मिली जानकारी के अनुसार बाराद्वार रोड, स्टेट बैंक के पास रहने वाले कुलदीप यादव व उसके छोटे भाई सीमांत यादव के पिता रंजीत यादव की 4 माह पहले ही मौत हुई थी। वे शासकीय स्कूल में काम करते थे। इनकी मौत के बाद अनुकंपा नियुक्ति को लेकर दोनों भाइयों में अक्सर विवाद होता था। बताया जा रहा है दोनों भाइयों में से छोटा भाई सीमांत यादव बदमाश प्रवृत्ति का है, और अक्सर अपने भाई से विवाद करता रहता था।

पुलिस ने बताया कि दरअसल दोनों भाईयों ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। पिता की मौत के बाद बड़े भाई कुलदीप यादव को अनुकंपा नियुक्ति मिलने वाली थी। इसी बात को लेकर सीमांत यादव को नाराजगी थी। शुक्रवार को सीमांत यादव ने शराब के नशे में पहले तो अपनी मां से झगड़ा किया। इससे नाराज होकर वह गांव चली गई। इसके बाद दोनों भाइयों में बहस हो गई।

इस दौरान छोटे भाई सीमांत यादव ने कुलदीप के सिर पर पत्थर मारा जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसने ब्लेड निकाला और भाई का प्राइवेट पार्ट काट दिया और वहां से भाग गया। इसके बाद गंभीर हालत में कुलदीप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर पुलिस तलाश के बाद सोमवार को आरोपी सीमांत यादव को गिरफ्तार कर लिया।

# दवाई दुकान की आड़ में ऑनलाइन सट्टा, महादेव बुक के लिए खुलवा रखे थे कई फर्जी खाते

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** महादेव बुक व रेड्डी अन्ना ऐप के जरिए ऑनलाइन सट्टा का कारोबार करने वालों पर दुर्ग पुलिस की सर्जिकल स्ट्राइक लगातार जारी है। इसी कड़ी में पुलिस ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले एक बड़े जालसाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आम्रपाली हाउसिंग बोर्ड निवासी नसीमुद्दीन को गिरफ्तार किया है। नसीमुद्दीन ने कई लोगों को धोखे में रखकर उनके खाते खुलवाए और उन खातों का इस्तेमाल महादेव बुक के लिए किया करता था। सबसे खासबात तो यह है आरोपी नसीमुद्दीन की पत्नी के खाते में 6 करोड़ का बैलेंस मिला है।

इस संबंध में आज पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर-6 में एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने बताया कि 11 दिसंबर को थाना भिलाई भट्ठी एवं एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट को सूचना मिली कि नसीमुद्दीन पिता फखरूद्दीन निवासी आम्रपाली रेसीडेन्सी जामुल द्वारा अनेक व्यक्तियों को विश्वास में लेकर धोखे से बैंक खाता खुलवाया है। इन खाते का दुरूपयोग महादेव, रेड्डी अन्ना आदि ऑन लाईन सट्टा के पैनल का संचालन के लिए कर रहा था। इस मामले में कई पीड़ित भी सामने आए हैं जिनकी शिकायत पर नसीमुद्दीन के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।



### दवाई दुकान की आड़ में चला रहा था कारोबार

एसपी पल्लव ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने दवाई दुकान की आड़ में बीते एक साल से फर्जी खाता खुलवाकर इनका उपयोग महादेव ऑन लाईन सट्टा के पैनल में कर रहा है। आरोपी द्वारा उक्त पैनल का संचालन नागपुर एवं कोलकाता में कराया जा रहा है। इस काम के लिए आरोपी ने 15 व 20 हजार रुपए के मासिक वेतन पर कर्मचारी रखे हुए थे। यही नहीं वह अपनी पत्नी के खातों का उपयोग भी इस काम में कर रहा था। पुलिस ने जब आरोपी के पत्नी के खातों की जांच की तो उसमें 6 करोड रुपए बैलेंस मिला है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद आरोपी से 1 लैपटॉप, 2 मोबाईल, 5 चेकबुक, 1 पासबुक, 2 एटीएम कार्ड बरामद किया गया है।

आरक्षक पर कटर से हमला करने वाला बदमाश पकड़ाया

# शराब पीने से मना करने पर किया था गले पर वार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** एक दिन पहले रविवार को शराब पीने से मना करने पर आरक्षक के गले पर कटर से वार करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भिलाई नगर पुलिस ने इस मामले में आरोपी अनल देव पाण्डेय जरवाय भिलाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 294,506,323 व 307 के तहत कार्रवाई की है।

बता दें रविवार देर शाम अनल देव अपने साथी के साथ सेक्टर 06 नाला के पास शराब पी रहा था। इस दौरान वहां पहुंचे एसबी में कार्यरत आरक्षक विपिन कुमार सिंह पहुंचा। उसने अनलदेव को वहां पर शराब पीने से मना किया। इस पर आरोपी भड़क गया और आरक्षक से विवाद करने लगा। इसके बाद अपने पास रखा कटर निकाला और विपिन सिंह पर हमला कर दिया। इस हमले में आरक्षक के गले के पास गंभीर चोट आई। इस मामले में विपिन की शिकायत पर भिलाई नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। पुलिस ने सोमवार को आरोपी अनलदेव को गिरफ्तार कर लिया।

# महिला एएसआई गिरफ्तार, एसपी ऑफिस में पदस्थ रहकर की 60 लाख की धोखाधड़ी

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में पुलिस कर्मियों के भविष्य निधि के खाते से लाखों रूपए की धोखाधड़ी कर फरार होने वाली महिला एएसआई को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। महिला एएसआई को ओडिशा के पदमपुर से गिरफ्तार किया गया है। वह मामला खुलने के बाद से फरार थी। मिली जानकारी के अनुसार एसपी ऑफिस के फंड शाखा के पद पर रहते हुए आरोपी महिला एएसआई ने करीब 59 लाख 75 हजार रुपए गबन किया था। इस मामले का खुलासा होने के बाद से वह फरार हो गई थी। जिसे पुलिस ने ओडिशा के पदमपुर से गिरफ्तार किया है।

बिलासपुर पुलिस विभाग में पुलिस कर्मचारियों के भविष्य निधि के पैसों में कूटरचना कर लाखों रूपए गबन का मामला सामने आया था। पुलिस की जांच में ये



बात सामने आई थी कि एसपी कार्यालय के फंड शाखा प्रभारी सउनि मधुशीला सुरजाल ने अपने पदस्थापना के दौरान कई बड़ी गड़बडियां और कूट रचना कर पैसों का गबन किया था। जांच में खुलासा हुआ कि विभागीय भविष्य निधि के खाता धारकों के खाते में उपलब्ध धनराशि से अधिक धनराशि का आहरण और भुगतान के गलत होने की जानकारी के बाद भी फंड शाखा में न्यस्त होकर वित्तीय अनियमितता कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाया।

सिविक सेंटर मेन मार्केट में लगी भयंकर आग

# बिलासा हैंडलूम एम्पोरियम के गोदाम में लाखों का माल जलकर हुआ राख




**भिलाई।** मिनी इंडिया भिलाई के सिविक सेंटर स्थित बिलासा हैंडलूम एम्पोरियम में सोमवार दोपहर भयंकर आग लग गई। आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की टीम पहुंच गई है। फायर बिग्रेड के कर्मचारी आग बुझाने की कोशिश में जुटे हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार बिलासा हैंडलूम एम्पोरियम के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपए के नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित रायपुर द्वारा संचालित इस संस्थान में कोसा सिल्क और कॉटन वस्त्रों का अनूठा संग्रह है। साथ ही छत्तीसगढ़ी संस्कृति के आर्ट एंड क्राफ्ट से संबंधित चीजों का विक्रय किया जाता है। आगजनी की घटना से काफी नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# खास - खबर

## बीएसपी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग-पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**भिलाई।** जनसंपर्क विभाग द्वारा सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग के सहयोग से भिलाई आट्‌र्स क्लब के साथ संयुक्त रूप से आजादी का अमृत महोत्सव卐 के तहत बीएसपी स्कूलों के छात्रों के लिए एक ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन 11 दिसंबर 2022 को सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7 में किया गया। मौसम खराब होने के कारण आयोजन स्थल को सुनीति उद्यान से सेक्टर-7 में स्थानांतरित कर दिया गया था। प्रतियोगिता का विषय नवीनीकरणीय ऊर्जा के साथ नया भारत था। प्रतियोगिता 3 श्रेणियों में आयोजित की गयी थी। कक्षा 3 से 5 के लिए ए श्रेणी, कक्षा 6 से 8 के लिए बी श्रेणी और कक्षा 9 से 12 के लिए सी श्रेणी में ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 10 से अधिक बीएसपी स्कूलों के लगभग 300 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 8 वर्ष से लेकर 16 वर्ष तक के बच्चों ने पेंसिल, क्रेयॉन और वाटर कलर के साथ अपने ड्राइंग कौशल का प्रदर्शन किया।

## निर्माण कार्यों का लोक निर्माण प्रभारी ने किया निरीक्षण

**रिसाली।** बारिश के पानी को रिहायशी क्षेत्र से आसानी से निकालने 24 लाख 50 हजार की कार्य योजना तैयार कर मूर्त रूप दिया जा रहा है। नाला पर बाक्स कल्वट बनाया जा रहा है। सोमवार को रिसाली निगम के लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे ने निगम अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। लोक निर्माण विभाग प्रभारी ने कहा कि आमतौर पर निर्माण के बाद आस पास जमी मिट्टी को निकाला नहीं जाता। बाद में यही मिट्टी (मलबा) नाला में पानी के बहाव को रोकता है। उन्होंने नाला में चैनमाउंट मशीन उतारकर मलबा निकालने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, पार्षद धर्मेन्द्र भगत, विनय नेताम, चन्द्रप्रकाश सिंह, कार्यपालन अभियंता एस.के. बाबर, सहायक अभियंता आर.के.जैन, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर कल

**दुर्ग।** जिला प्रशासन द्वारा प्रशासन तुंहर द्वार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन जनपद पंचायत दुर्ग के ग्राम पंचायत कुथरेल में 14 दिसंबर 2022 को किया जाना था परन्तु ग्रामीणों की मांग एवं सुविधा के दृष्टिकोण से शिविर आयोजन के स्थान में परिवर्तन किया गया है। अत: शिविर ग्राम कुथरेल के स्थान पर ग्राम नगपुरा में आयोजित किया जाएगा। हितग्राही अपनी शिकायते लेकर 14 दिसंबर 2022 को सुबह 10 बजे शिविर में उपस्थित होवें।

## 16 दिसंबर को उद्यमों के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला

**भिलाई।** राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा समाविष्ट क्षेत्र के उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय राज्य स्तरीय संवीक्षा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला 16 दिसंबर को प्रात: 10:00 बजे से होटल सेंट्रल पार्क सुपेला भिलाई में प्रारंभ होगी। 9:30 से 10:30 तक दीप प्रज्वलन के साथ उद्घाटन सत्र होगा तथा 10:30 से तकनीकी सत्र शुरू किया जाएगा जिसमें कंप्यूटर स्क्रुटनी प्रोग्राम एवं पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के सत्र होंगे। 6 बजे फीडबैक के साथ कार्यशाला समाप्त होगी।

# जहां सड़क हादसे ज्यादा वहां रोज शाम को होगी जांच, दुर्ग पुलिस को दी जिम्मेदारी

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं एसपी डा. अभिषेक पल्लव ने दिये निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। जिन सड़कों में अधिक संख्या में दुर्घटनाएं हो रही हैं उनका चिन्हांकन कर सबसे ज्यादा दुर्घटना वाली चिन्हांकित सड़कों पर चेक प्वाइंट लगाए जाएंगे। यहां पुलिस और रेवेन्यू के अधिकारी मौजूद रहेंगे और ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। चेक प्वाइंट में सुरक्षा संबंधी पांच बिन्दु देखे जाएंगे। वाहन चालक ने हेलमेट पहना है या नहीं, सीट बेल्ट लगाई है या नहीं, वाहन चालक नाबालिक तो नहीं है और वाहन चालक नशे में तो नहीं है।



यह निर्देश सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा एवं एसपी डा. अभिषेक पल्लव ने अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि चेक प्वाइंट पर ट्रैफिक का उल्लंघन करने वाले सभी पर कार्रवाई हो। साथ में उन्हें समझाइश भी दी जाए ताकि भविष्य में ट्रैफिक नियम तोड़ने से बचें और सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक सजग हों। इसके साथ ही राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी शाम ढलने पर सड़कों का निरीक्षण भी करेंगे और जिन जगहों पर खतरा है वहां पर आवश्यक सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। कलेक्टर एवं एसपी ने सड़कों पर ट्रैफिक को स्मूथ करने और जाम रोकने में अच्छे कार्य के लिए ट्रैफिक पुलिस को प्रोत्साहित भी किया।

### हेलमेट पहनने पर दें स्कूल-कॉलेजों में प्रवेश

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्कूल प्रबंधकों, महाविद्यालय के प्रबंधन को तथा शासकीय विभागों एवं पीएसयू आदि में प्रवेश के लिए हेलमेट अनिवार्य रखा जाए। इसे लागू नहीं करने की दशा में संबंधित जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी। नाबालिक बच्चों के हाथ में गाड़ी न आये, इसके लिए स्कूल के समय में पेट्रोलिंग की जाएगी और अभिभावकों को चेतावनी दी जाएगी तथा अन्य नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### यू टर्न, पेड़ों व मकानों में भी लगाएं रेडियम

अधिकारियों ने कहा कि सबसे ज्यादा दुर्घटना की आशंका यू टर्न, एस टर्न आदि में होती है। इन चिन्हांकित जगहों पर रेडियम पेड़ों में भी और मकानों की ऊंचाई में भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही ऐसी जगहों पर रंबल स्ट्रिप, कैट आई आदि लगाने की कार्रवाई भी की जाएगी। ग्रामीण सड़कों में जहां मुख्य सड़कों से छोटी सड़कें निकलती हैं वहां सभी जगहों में लाइटिंग सुनिश्चित की जाएगी।

### फ्लाइओवर के आसपास सुरक्षा संबंधी रखें विशेष ध्यान



कलेक्टर एवं एसपी ने सभी अधिकारियों को फ्लाइ ओवर के आसपास विशेष सुरक्षा का ध्यान रखने कहा। यहां पर सर्विस रोड में जहां दिक्कत है वहां मरम्मत आदि कराने के निर्देश दिये। जिन सड़कों का निर्माण चल रहा है वहां संकेतक लगाने और ट्रैफिक स्टाप करने विशेष प्रावधान करने के निर्देश दिये। साथ ही यह भी कहा गया है कि ऐसे सभी जगह जहां निर्माणाधीन सड़क में आगे कुछ दूर जाकर एंट्री की जा सकती है वहां बैरीकेड लगाए जाएं तथा संकेतक भी लगाए जाएं। निर्माणाधीन सड़कों में सड़क सुरक्षा की रोज मानिटरिंग की जाए।

# नि:शुल्क कृत्रिम हाथ लगाने के लिए 18 दिसंबर को लगेगा शिविर

■ जैनत्व महिला मंडल, पद्मनाभपुर द्वारा किया जा रहा शिविर का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जिले में रत्न निधि चेरिटेबल ट्रस्ट, मुबंई रोटरी क्लब ऑफपूना डाऊनटाऊन और जैनत्व महिला मंडल, पद्मनाभपुर, दुर्ग के संयुक्त सहयोग से 18 दिसंबर 2022 को जैन दादाबाड़ी मालवीय नगर दुर्ग में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। ऐसे लोग जिनके कोहनी के नीचे मूल हाथ का हिस्सा नहीं होने पर उन्हें कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, इन लोगों को शिविर में अमेरिका से बने कृत्रिम हाथ लगाया जाएगा। जिससे लोग अपनी दैनिक दिनचर्या का कार्य आसानी से कर सकेंगे। शिविर में 10 विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के द्वारा हाथ लगाने कार्य किया जाएगा।

कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि द्विव्यांगजनों के लिए ऐसे शिविरों को महत्वपूर्ण पहल बताया और उन्होंने जरूरतमंदों से अपील की कि इस शिविर का लाभ लें। जैनत्व महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमति अनिता पारख ने बताया कि दूर्भाग्यवश जिनके हाथ नहीं है या किसी कारण वश जिनके हाथ कट गए है, उन्हें नि:शुल्क कृत्रिम हाथ लगाने का कार्य हमारी संस्था के द्वारा किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया यह कृत्रिम हाथ अमेरिका से बनकर आएगें जिनकी मद्द से हितग्राही खाना बनाना, लिखना, गाड़ी चलाना, धान कटाई जैसे कार्य कर सक्षम बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि कृत्रिम हाथ लगाने के लिए कोहनी के नीचे कम से कम 4 इंच हाथ का हिस्सा होना चाहिए जिससे कृत्रिम हाथ को आसानी से लगाया जा सकता है। अभी तक 110 मरीजों का पंजीकरण हुआ है। हमारी संस्था का उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़कर इस शिविर का लाभ दे सके। इस शिविर में छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान एवं अन्य राज्यों के लोग भी पंजीयन कर चुके हैं। जो भी इस शिविर का लाभ उठाना चाहते हैं वे पंजीयन कराकर शामिल हो सकते हैं।

कृत्रिम हाथ का उपयोग बच्चे तथा वयस्क आसानी से कर सकते हैं। शिविर हेतु विस्तृत जानकारी के लिए दूरभाष क्रमांक 99930-67333, 93290-28500 और 98261-32795 में संपर्क कर सकते है।

## जिला नियमितिकरण प्राधिकारी बैठक में सुलझे 142 प्रकरण

**दुर्ग।** कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा की अध्यक्षता में 06 दिसंबर 2022 को जिला नियमितिकरण प्राधिकारी की बैठक हुई। जिसमें समिति के सदस्य सचिव एवं संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के द्वारा 142 प्रकरण प्रस्तुत किये गये। प्रस्तुत कुल 142 प्रकरणों को नियमितिकरण योग्य पाया गया जिसमे नगर पालिक निगम भिलाई के कुल 17 प्रकरण, नगर पालिक निगम दुर्ग के कुल 37 प्रकरण, नगर पालिक निगम मिलाई चरोदा के कुल 77 प्रकरण, नगर पंचायत अमलेश्वर के 10 प्रकरण एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग के 01 प्रकरण शामिल है। कुल निर्णित 142 प्रकरणों में एक करोड़ चार लाख नब्बे हजार छ: सौ चौबीस रूपये की शास्ति निर्धारित की गई है। बैठक में पुलिस अधीक्षक, जिला दुर्ग छ.ग. अपर कलेक्टर पदमिनी भोई साहू, आयुक्त नगर पालिक निगम, भिलाई, आयुक्त नगर पालिक निगम, दुर्ग, आयुक्त नगर पालिक निगम आदि अधिकारी उपस्थति रहे।

# निदान-1100 में दर्ज 25 हजार से ज्यादा शिकायतों को निगम ने किया दूर

■ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने दिया ए ग्रेड

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** निगम प्रशासन ने निदान-1100 में शहर से ऑनलाइन दर्ज बिजली, पानी, सड़क, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ग्रेडिंग में ए ग्रेड हासिल कर रही है। निगम प्रशासन ने निदान-1100 में ऑनलाइन शिकायत प्राप्त होने के बाद अधिकतम शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया है।

ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली की रिपोर्ट के अनुसार शहर से निदान-1100 में माह अप्रैल से लेकर अब तक कुल 30559 शिकायतें दर्ज हुई। इनमें से 25287 शिकायतों का निगम ने समय सीमा में निराकरण कर दिया है तथा इसमें से 4993 शिकायतों का भी निराकरण कर दिया। यानी कि निगम के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे से सप्ताह भर के अंदर 82.74 फीसद शिकायतों का निराकरण कर लिया। बाकी कुछ आवेदनों को समय-सीमा के बाद निराकरण किया गया। शिकायतों के लिए अलग-अलग मामलों में समय सीमा भी अलग-अलग निर्धारित की गई है।

भिलाई निगम आयुक्त रोहित व्यास की नियमित मॉनिटरिंग से निदान में प्राप्त शिकायतों का निराकरण शीघ्रता से गंभीरता पूर्वक किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग ने सड़क, नाली की सफाई, स्ट्रीट लाइट, मृत जानवर का उठाव, पेयजल, सार्वजनिक शौचालय, आवारा मवेशियों इत्यादि से होने वाले समस्याओं के निराकरण के लिए कुछ साल पहले निदान 1100 की शुरुआत की थी। टोल फ्री नंबर के जरिए दर्ज होने वाले शिकायतों का निराकरण के लिए तीन चरण की व्यवस्था की गई है। इस प्रकिया के अंतर्गत आनलाइन दर्ज होने वाले अधिकतर शिकायतों को भिलाई निगम ने प्रथम चरण में ही 24 घंटे के अंदर मैसेज प्राप्त होते ही निराकरण कर दिया गया।

# राजीव युवा मितान क्लब दे रहा खेलों को बढ़ावा, कराया रात्रिकालीन बैडमिंटन स्पर्धा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** राजीव युवा मितान क्लब सेक्टर 1 के क्लब द्वारा एक दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट सेक्टर 1 के लोगों के लिए कराया गया जिसमें 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया जिसमे पुरूष 15 साल से 35 साल उम्र में डबल्स में विजेता सुनील एवं सी पी रितेश बनें और दूसरे स्थान में राजीव एवं अब्दुल रहे , पुरुष 15 साल से 35 साल उम्र में सिंगल्स में विजेता आयुष बनें दूसरे स्थान में राजीव रहे , महिला डबल्स में विजेता शिवाली बनी। सिंगल्स में विजेता चंचल व दूसरे स्थान में श्रेया रहीं।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद एवं खेल एवं युवा कल्याण प्रभारी आदित्य सिंह उपस्थित रहे। उपस्थित अथितियों ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया एवं युवा मितान के सभी सदस्यों को कार्यक्रम के आयोजन के लिए बहुत बधाई दी।

# तेलुगू सिनेमा के महागायक गंटशाला के गीतों की शाम

■ समाज सेवी चिन्ना केशवुलू व डॉ चिरंजीवी का हुआ सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति सेक्टर 5 आंध्रा भवन में तेलुगू सांस्कृतिक संस्था श्री घंटशाला चैतन्य वेदिका द्वारा संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तेलुगू सिनेमा के महागायक पद्मविभूषण श्री गंटशाला के 100 वीं जंयती के अवसर पर इस विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पाडुता तीयगा यानी मीठे गीतों की संगीतमय शाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की खासबात यह रही कि इसमें गंटशाला के सदाबहार गीतों के साथ तेलगु सिनेमा के एक और गायक एसपी बालसुब्रमनयम के गीतों की प्रस्तुति दी गई।



सदाबहार गीतों से सुसज्जित संगीतमय लाइव आर्केष्ट्रा कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान घंटशाला चैतन्य वेदिका एवं आंध्र साहित्य समिति विभिन्न क्षेत्रों में सेवाभावी कार्यों के लिए महिलाओं व पुरुषों का सम्मान किया गया। इस दौरान उत्कृष्ठ समाज सेवा के लिए समाज सेवी चिन्ना केशवलु व डॉ चिंरजीवी का विशेष रूप से सम्मान किया गया। इन्हें शॉल व श्रीफल के साथ ही प्रशस्ती पत्र भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सम्मानित चन्ना केशवलु ने संस्था के प्रति आभार जताया।

# टारगेट पूरा करने बैंक का फर्जीवाडा: म्यूचअल फंड और बीमा में किया इन्वेस्ट, कलेक्टर से शिकायत

## कलेक्टर जनदर्शन में शख्स ने की शिकायत, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने दिए जांच के निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। पैतृक जमीन बेचकर कुछ पैसे इकट्ठा किये ताकि जरूरत के समय बुढ़ापे का सहारा बन सके। लेकिन जिस बैंक की शाखा में आवेदक ने पैसे जमा कराये, उस बैंक शाखा के अधिकारी ने बिना अनुमति के भ्रम में रखकर आवेदक को गुमराह किया। आवेदक का कहना था कि अपने पैसों की सुरक्षा के लिए वो बैंक को सबसे ज्यादा कारगार समझता था। परंतु इस घटना से उसके विश्वास में कमी आई। यह मामला चंदखुरी शाखा के एक्सिस बैंक का है।



शिकायत करने पहुंचे आवेदक ने बताया कि उसकी जानकारी के बिना उसके जमा राशि से बैंक के कर्मचारी द्वारा कमीशन व टारगेट पूरा करने के लिए खिलवाड़ किया गया। आवेदक ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व उसके द्वारा उसकी पैतृक संपत्ति का विक्रय किया गया था जिससे प्राप्त राशि में से 22 लाख रुपए उसने एक्सिस बैंक में जमा किए थे। आवेदक ने आगे बताया कि वह आज के नवीनतम टेक्नोलाजी से ज्यादा परिचित नहीं है उसके मोबाइल में बैंक से राशि कटने से संबंधित एसएमएस तो आते थे परंतु उसका ध्यान उस ओर नहीं गया था। एक दिन अचानक आवेदक को बड़े राशि की आवश्यकता पड़ी।

बैंक पहुंचने पर उसे पता चला कि उसके पैसे म्यूचुअल फंड और विभिन्न पॉलिसी में लगा दिए गए हैं। म्यूचुअल फंड में लगभग 06 लाख 50 हजार रूपए और 04 पॉलिसी पर लगभग 12 लाख 50 हजार रूपए की राशि बैंक द्वारा भ्रमित कर लगा दी है। इसकी शिकायत उन्होंने बैंक के शिकायत शाखा में भी की, परंतु उन्हें कोई सकारात्मक व संतोषजनक परिणाम नहीं मिला। आज आवेदक की स्थिति यह है कि विषम परिस्थिति के लिए उसकी खुद की जमा पूंजी बैंक में फंस गई है। म्यूचुअल फंड व पॉलिसी भुनाने की स्थिति में 01 लाख रूपए प्रति पॉलिसी व फंड में घाटे के सामना करना पड़ेगा। इसलिए म्यूचुअल फंड व पॉलिसी को निश्चित तिथि तक रखने के लिए वह बाध्य है। उसका कहना है कि बैंक के अधिकारी के द्वारा किए गए इस स्कैम से उसे मानसिक क्षति का भी सामना करना पड़ रहा है। इसलिए कलेक्टर से आवेदक का विशेष अनुरोध है कि एक्सिस बैंक के उस संबंधित कर्मचारी पर उचित कार्यवाही के साथ-साथ उसकी राशि उसे वापस दिलाई जाए। कलेक्टर ने मामले का संज्ञान लेते हुए इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए लीड बैंक ऑफिसर को निर्देशित किया।

यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए भी जनदर्शन में आवेदन आया था। जिसमें हाईपॉवर वाले लाईट, हॉर्न, साइलेंसर एवं नियमानुरूप नंबर प्लेट पर गाड़ी क्रमांक अंकित न करने वाले वाहन मालिक पर कार्रवाई करने के लिए आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया था।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950